इसके बाद मैंने 'श्वास' नाम से एनजीओ रजिस्टर करवाया। इन बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए मैंने प्रोफेशनल टीचर रखे हैं। छह बच्चों के साथ शुरू हुआ यह अभियान अब 600 बच्चों तक पहुंच चुका है। यह अभियान गुलबाई टेकरा के अलावा कई बस्तियों तक फैल गया है। मेरा ध्यान केवल इन बच्चों की पढ़ाई पर नहीं है, इन्हें वोकेशनल ट्रेनिंग भी दी जा रही है, ताकि ये हुनर सीखें और आत्म-निर्भर बन सकें। 'श्वास' के लिए दो-तीन कंपनियों के सीएसआर से स्पॉन्सरशिप मिलती है, तो बहुत से लोग भी बच्चों के लिए डोनेशन देते हैं।
मेरा मानना है कि, आप अपने आस-पास के किसी भी बच्चे को पढ़ाएं और लगातार उसके साथ काम करें। अगर बच्चे की काबिलियत पर भरोसा करें, तो वे जरूर कुछ बेहतर कर सकते हैं।

आर्थिक मोर्चे पर उम्मीदें

यह आशा करनी चाहिए कि ऐतिहासिक जनादेश से दोबारा चुनी गई नरेंद्र मोदी की सरकार नई आर्थिक चुनौतियों का रणनीतिपूर्वक मुकाबला कर देश को विकास और खुशहाली की डगर पर आगे बढ़ाने में कामयाब होगी।

नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण कर चुके हैं, जिसके बाद आर्थिक मोर्चे पर भारत की धमक और बढ़ने की उम्मीद है। पिछले दिनों स्टैंडर्ड ऐंड पूअर्स ने कहा कि मोदी की अगुवाई में एनडीए सरकार भारत को आर्थिक विकास और सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाएगी। इससे आर्थिक नीतिगत स्थिरता बनी रहेगी, विदेशी पूंजी प्रवाह में सुधार आएगा, कारोबार सुगमता बढ़ेगी, कर व्यवस्था ज्यादा सरल बनेगी और निजी खपत व निजी निवेश में वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि नई सरकार आगामी पांच साल में देश को आर्थिक शक्ति बनाने की डगर पर आगे बढ़ेगी। वैश्विक सुस्ती के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने के लिए नई सरकार मैन्यूफैक्चरिंग, बैंकिंग और कॉरपोरेट क्षेत्र, निर्यात, ई-कॉमर्स, ग्रामीण विकास, भूमि एवं श्रम सुधार और काले धन पर नियंत्रण से लेकर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावी और कठोर कदम उठाते हुए दिखाई देगी।

पिछली सरकार के अधूरे एजेंडे को पूरा करने के लिए मोदी-2 सरकार के सामने वैश्विक सुस्ती, कच्चे तेल में तेजी और अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाने की चेतावनी जैसी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। वर्ष 2020 में भारत की विकास दर 7.5 फीसदी से घटकर सात फीसदी रह जाने का अनुमान है। ऐसे में बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाना होगा, कृषि पर ध्यान देना होगा, वैश्विक कारोबार में वृद्धि करनी होगी, उदार टैक्स कानून बनाना होगा, ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सुनिश्चित करना होगा, निर्यात में सुधार और विनिर्माण को आगे बढ़ाने की रणनीति बनानी होगी, भूमि एवं श्रम सुधार और डिजिटलीकरण को आगे बढ़ाना होगा, ग्रामीण विकास, सड़क निर्माण, बुनियादी ढांचा विकास, आवास एवं स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाओं को गतिशील करना होगा।

जयंतीलाल भंडारी

ब्लूमबर्ग का 2020 के लिए विकास संबंधी अध्ययन आर्थिक विकास में गिरावट का संकेत दे रहा है। ऐसे में ऋण बाजार के दबाव को दूर करना सरकार और रिजर्व बैंक के एजेंडे में होना चाहिए। रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती कर अर्थव्यवस्था में नकदी का प्रवाह बढ़ाने की जरूरत है। रोजगार भी नई सरकार के लिए निश्चित रूप से एक चुनौती होगा। मनरेगा के अलावा स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए मुद्रा योजना को और गतिशील करना होगा और कौशल प्रशिक्षण को ऊंचाइयां देनी होंगी। कृषि कल्याण के लिए नए कदम उठाने होंगे। निजी क्षेत्र को कृषि के साथ जोड़ने के साथ खाद्य प्रसंस्करण का दायरा बढ़ाना होगा और पेट्रो उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाना होगा।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें भी सरकार के लिए चुनौती है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध कड़ा किए जाने से वैश्विक तेल बाजार का संतुलन गड़बड़ा गया है और कीमतें सात महीने के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई हैं। ऐसे में, सरकार को बाजार और नए विकल्प तलाशने होंगे। अमेरिका और चीन के बीच गहराते ट्रेड वार के बीच अमेरिका द्वारा भारत पर भी आयात शुल्क बढ़ाए जाने की आशंका है। भारत से सबसे अधिक निर्यात अमेरिका को होता है, अतः प्रधानमंत्री द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपने अच्छे संबंधों का उपयोग करते हुए एक अच्छा समाधान निकाला जाना चाहिए।

उम्मीद करनी चाहिए कि इस ऐतिहासिक जनादेश से चुनी गई नरेंद्र मोदी की सरकार नई आर्थिक चुनौतियों का रणनीतिपूर्वक मुकाबला कर देश को विकास और खुशहाली की डगर पर आगे बढ़ाने में कामयाब होगी।

खुली खिड़की

आईफोन एक्स एस की कीमत

आईफोन महंगे मोबाइल फोन में से एक हैं। दुनिया भर में आईफोन को पसंद करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी सबसे अधिक कीमत ब्राजील में है।

स्रोत: डच बैंक/ स्पेक्टेटर इंडेक्स

पाखंडी संत नहीं हैं

देवराहा बाबा परम विरक्त संत थे। वह वृंदावन में यमुना तट पर बनी कुटिया में साधना में लीन रहते थे। अपने दर्शनार्थियों को बाबा हमेशा सदाचार का पालन करने, अपने कर्तव्यों को धर्म मानने और हर क्षण भगवान को याद रखने की प्रेरणा दिया करते थे। एक बार इलाहाबाद से कुछ भक्तजन वृंदावन आए। वह बाबा के पूर्व परिचित थे, इसलिए बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे। देवराहा बाबा ने पूछा, बच्चा! प्रतिदिन भगवान की पूजा व उनके नाम का जाप तो पूर्ववत चल रहा है न? उनमें से एक ने कहा, बाबा, हम पहले भगवान की पूजा करते थे, पर अब हमने एक संत को गुरु बना लिया है। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों तक पूजा करने के बाद भी भगवान के दर्शन नहीं कर पाए, इसलिए अब हमारे दर्शन कर समझ लो कि ईश्वर के दर्शन कर रहे हो। उनके आदेश से ही हमने राम-कृष्ण की पूजा छोड़ दी।

सत्संग

यह सुन देवराहा बाबा बोले, बेटा तुम कलियुग के प्रभाव में आ गए हो। स्वयंभू अवतार के झांसे में आकर भटक गए हो। जो संत भगवान की पूजा छुड़वाकर अपनी पूजा कराता है और अपने नाम का मंत्र देता है, वह भगवान तो छोड़ो, संत भी नहीं है। सच्चा संत वही है, जो अपने को तुच्छ समझता है। भगवान के भजन का तरीका बताता है। देवराहा बाबा के वचन सुनकर उनकी आंखें खुल गईं। इसके बाद उन्होंने 'ऊं नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करने का संकल्प ले लिया।

-संकलित

हरियाली और रास्ता

कबीर, मां और तोता

एक तोते की कहानी, जिससे जीवन की अहम सीख मिलती है।



कबीर एक दिन दफ्तर से लौटा, तो बहुत नाराज था। मां ने पूछा, 'आज डिनर में क्या खाओगे?' जाने क्यों कबीर उन्हीं पर बरस पड़ा-'आप एक दिन अपने मन से खाना नहीं बना सकतीं क्या? रोज मेरी परीक्षा क्यों लेती हैं।' मां समझ गईं कि यह गुस्सा उसके दफ्तर का है। उन्होंने कहा, 'तुम्हें अपना दफ्तर अच्छा नहीं लगता, तो छोड़ दो। बाहर निकलोगे नहीं, तो पता कैसे चलेगा कि बाहर है क्या?' कबीर ने कहा, ' इतना आसान होता, तो दो साल पहले ही छोड़ चुका होता।' मां कबीर को एक कहानी सुनाने लगी। एक आदमी पहाड़ों पर सैर करने गया। उसने देखा, चारों तरफ ऊंचे-ऊंचे पहाड़, हरे-भरे पेड़ और एकदम ताजा हवा है। वह उन हसीन वादियों का आनंद ले ही रहा था कि एक तेज आवाज पहाड़ों से टकराकर गूंजती हुई उसके कानों में पड़ी। ऐसा लगा, जैसे कोई चीख रहा हो- 'आजादी... आजादी।' वह आदमी हैरान होकर ढूंढने लगा कि यह आवाज आ कहां से रही है। काफी ढूंढने के बाद उसे पिंजरे में बंद एक तोता मिला, जो चिल्ला रहा था- 'आजादी... आजादी...।' उसने पिंजरे का दरवाजा खोल दिया। पर तोता डरकर अंदर की तरफ भाग गया। आदमी देर तक उसे पुचकारता रहा। पर तोता पिंजरे में बैठा वही राग अलापता रहा-'आजादी... आजादी...।' काफी देर कोशिश के बाद आदमी ने तोते को पिंजरे से निकालकर बाहर छोड़ दिया। सुबह उस आदमी को फिर वही आवाज सुनाई दी-'आजादी... आजादी...'। पिंजरे के पास जाकर उसने देखा कि दरवाजा खुला है और तोता अंदर बैठकर चिल्ला रहा है- 'आजादी... आजादी।' कहानी सुनाकर मां बोलीं- 'बेटा, हमारा मन भी इस तोते की तरह है, जो पिंजरे में रहने का अभ्यस्त हो चुका है। पिंजरा छोड़ोगे, तभी तो पता चलेगा कि बाहर दुनिया कितनी खूबसूरत है।

परिस्थिति को अनुकूल बनाने की कोशिश स्वयं करनी चाहिए।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 12 अंक 89

एनबीएफसी में अनुशासन

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए लिक्विडिटी बफर (एक खास राशि संरक्षित रखना) का प्रस्ताव रखा है। ऐसा करने से उनकी ऋण देने की क्षमता पर बुरा असर पड़ सकता है लेकिन यह अल्पकालिक कष्ट इस क्षेत्र को अधिक जिम्मेदार बनाने के लिए जरूरी है। संकटग्रस्त सरकारी बैंकों के कारण उपजी दिक्कत की भरपाई करने में एनबीएफसी की अहम भूमिका रही है। नई तकनीक को सहजता से अपनाने के कारण इनका भौगोलिक दायरा भी तेजी से बढ़ा है। इसके परिणामस्वरूप कुल ऋण में एनबीएफसी की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2012 के 13 फीसदी से बढ़कर 2019 में 23 फीसदी हो गई। जबकि इस अवधि में सरकारी बैंकों के ऋण में भारी कमी आई। बहरहाल, बेतहाशा ऋण देने, अल्पकालिक ऋण के कारण परिसंपत्ति जवाबदेही में व्यापक अंतराल और लंबी अवधि की उधारी ने इस क्षेत्र में नकदी की भारी कमी पैदा कर दी। नियम कायदे सख्त होने से एनबीएफसी में नकदी प्रबंधन बेहतर होगा और यह उनको परिसंपत्ति-जवाबदेही के अंतर के संकट से बचाएगा। ऐसा संकट जो हमें आईएलऐंडएफएस मामले में देखने को मिला, खासतौर पर बैंकों और म्युचुअल फंड के मामले में। डेट म्युचुअल फंड की बात करें तो पुनर्भुगतान में दैनंदिनी चूकने वालों की शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य में भारी कमी आई है। 1.3 लाख करोड़ रुपये मूल्य के एनबीएफसी पेपर अगले कुछ महीनों में परिपक्व हो रहे हैं। ऐसे में म्युचुअल फंड इस क्षेत्र में अपना जोखिम काफी कम कर सकते हैं। इस परिदृश्य में देखें तो बही खातों की साफ-सफाई और परिसंपत्ति-जवाबदेही को स्पष्ट करने का विचार कर्जदाताओं को भी अधिक भरोसेमंद बनाएगा और लंबी अवधि में इस क्षेत्र को अधिक मजबूत बनाएगा।

आरबीआई के प्रस्ताव में नकदी कवरेज अनुपात (एलसीआर) को सभी प्रमुख एनबीएफसी के 30 दिन के शुद्ध नकदी बहिर्गमन के अनुरूप होना चाहिए। एलसीआर, जिसे उच्च गुणवत्ता वाले परिसंपत्ति वर्ग में रखा जाता है, वह यह सुनिश्चित करती है कि अगर किसी तरह का तनाव उत्पन्न होता है तब भी इन वित्तीय संस्थानों के पास कम से कम 30 दिनों की अवधि के लिए पर्याप्त पूंजी रहे। अगर इसका क्रियान्वयन हुआ तो 2020 से प्रक्रिया की शुरुआत होगी और एलसीआर 60 फीसदी रहेगा। 2024 में 100 प्रतिशत के साथ इसका अंत होगा। केंद्रीय बैंक ने 30 दिन की परिपक्वता को एक से सात दिन, 8 से 14 दिन और 15 से 30 दिन की अवधि में भी बांटा है। अधिकतम एएलएम को 10 से 20 फीसदी रखने की बात कही गई है। यह अपने आप में एक राहत है क्योंकि माना जा रहा था कि इसे सख्त बनाकर मौजूदा 15 फीसदी से 5 फीसदी कर दिया जाएगा।

इस कदम की आलोचना करने वालों का कहना है कि केंद्रीय बैंक ऐसे समय में नकदी प्रबंधन की बात कर रहा है जबकि नकदी है ही नहीं। इतना ही नहीं एलसीआर की जरूरत का मार्जिन उन एनबीएफसी पर असर डालेगा जिनकी योजनाएं दीर्घावधि की हैं। उदाहरण के लिए उन वाणिज्यिक और अन्य वाहन फाइनैंस करने वालों को दिक्कत होगी जिनकी योजनाओं की अवधि तीन से पांच वर्ष है। आवास वित्त कंपनियों पर सबसे अधिक असर होगा क्योंकि उनकी परिसंपत्ति परिपक्वता सात से आठ वर्ष की अवधि के साथ सर्वाधिक है। उनकी एक दलील यह भी है कि मध्यम अवधि में ऋण धीमा पड़ सकता है और कम प्रतिफल वाली परिसंपत्तियों में निवेश के चलते मार्जिन पर असर हो सकता है। यह मुनाफे को प्रभावित करेगा। संभव है आरबीआई के मानकों को पूरा करने के लिए कमजोर एनबीएफसी मजबूत एनबीएफसी में मिल जाएं। इसमें भी कोई बुराई नहीं क्योंकि इस क्षेत्र में अनावश्यक रूप से ज्यादा कंपनियां हैं जबकि दायरा उतना व्यापक नहीं है।

विनय सिन्हा

ढांचागत निवेश में जादुई ताकत लाने की क्षमता

ढांचागत परियोजनाओं में निवेश के लिए निजी पूंजी को दोबारा प्रोत्साहित करना मौजूदा वक्त की जरूरत है। ढांचागत निवेश परिदृश्य का विश्लेषण कर रहे हैं **विनायक चटर्जी**

किसी भी नई सरकार की ढांचागत क्षेत्र के लिए क्या नीति होनी चाहिए? फासला कहां पर है? और इस फासले को दूर करने के लिए, किन सुधारों की जरूरत है? आज के समय में ये सवाल काफी अहम हैं। ढांचागत क्षेत्र में निवेश वर्ष 2007 और 2012 के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब सात फीसदी बढ़ा जबकि उससे पहले के पांच वर्षों में पांच फीसदी वृद्धि हुई थी। ढांचागत निवेश में आई इस उछाल की प्रमुख वजह निजी क्षेत्र की भूमिका थी। पांच साल पहले की अवधि के मुकाबले ढांचागत निवेश में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 15 फीसदी तक बढ़ गई।

लेकिन अगर पीछे की तरफ नजर डालें तो एक गंभीर मसले के चलते वह वृद्धि टिकाऊ नहीं थी। वह ढांचागत 'बूम' बड़ी नीतिगत एवं संरचनात्मक खामियों के बावजूद आया था। इस वजह से ऐसी वृद्धि का धीरे-धीरे लुप्त होना अपरिहार्य था। भूमि अधिग्रहण में मुश्किल होने, जोखिम आवंटन बढ़ने, विभिन्न एजेंसियों से अनगिनत अनापत्तियां लेने और ढांचागत परियोजनाओं में वाणिज्यिक बैंकों की प्रभावी भूमिका होने से लेकर ईंधन एवं वितरण संबंधी अड़चनें तक ऐसी कमजोरियां रहीं जिनसे पार पाना मुश्किल था।

इस तरह वर्ष 2013 के बाद जीडीपी प्रतिशत के तौर पर ढांचागत निवेश की हिस्सेदारी खिसकते हुए केवल पांच फीसदी ही रह गई। ढांचागत निवेश में निजी क्षेत्र का अंशदान वर्ष 2013-18 के बीच 48 फीसदी रहने का आकलन किया गया था लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। पिछले कुछ वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र ने इस कमी की भरपाई की है।

आगे चलें तो मौजूदा राजकोषीय स्थिति देखते हुए इसकी काफी कम गुंजाइश नजर आती है। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों ने अगले पांच वर्षों में ढांचागत क्षेत्र में काफी खर्च करने की बात कही है। भाजपा ने वर्ष 2024 तक एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया है। अगर आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने वाले ऐसे महत्त्वाकांक्षी लक्ष्यों को हासिल करना है तो निजी क्षेत्र को फिर से बड़ी भूमिका निभानी होगी। और इसका मतलब है कि पहले निजी क्षेत्र को पीछे हटने के लिए मजबूर करने वाली संरचनात्मक कमजोरियों को दूर करना होगा।

संयोग से किसी भी नई सरकार को फिर से कमजोरियों की पहचान या नए समाधान तलाशने की जरूरत नहीं है। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने ढांचागत क्षेत्र में सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी में नई जान फूंकने के लिए अध्ययन का काम विजय केलकर को सौंपा था। वर्ष 2015 में जारी उस रिपोर्ट में की गई कई सिफारिशें आज भी प्रासंगिक हैं।

केलकर समिति ने परियोजना समीक्षा समिति (पीपीपी) बनाने के साथ ही ढांचागत पीपीपी निर्णयन अधिकरण (आईपीएटी) के गठन की भी सिफारिश की थी। ये दोनों निकाय मिलकर आर्थिक संदर्भ या हालत बदलने की स्थिति में किसी परियोजना की शर्तों में बदलाव की जरूरत पर गौर करेंगे। ऐसा होने पर कई परियोजनाओं को पेश आ रही अहम समस्या दूर की जा सकेगी। स्पष्ट संस्थागत प्रक्रियाओं का अभाव होने से अनुबंधों पर नए सिरे से विचार किया जा सकता है। ढांचागत क्षेत्र में यह समस्या खास रही है जहां रियायती समझौते 30 साल और उससे आगे भी जा सकते हैं और समझौते पर हस्ताक्षर के संदर्भ पहचान से परे तक बदल चुके हैं।

समिति ने यह साफ किया था कि ढांचागत क्षेत्र के लिए स्वतंत्र नियामक होना निहायत ही जरूरी है। रेलवे जैसे क्षेत्रों में यह एक खास गंभीर मुद्दा है। प्रभावी सार्वजनिक इकाई भारतीय रेलवे रेल परिवहन का नियामक, डेवलपर एवं नीति-निर्माता तीनों ही है जिससे हितों के टकराव की गंभीर स्थिति बन जाती है। यह सड़कों के लिए भी उतना ही सही है। और नियामक की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में भी 'स्वतंत्र' का तमगा अक्सर संदेह के घेरे में होता है।

समिति ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम में कुछ संशोधन करने का भी प्रस्ताव रखा था ताकि फैसलों से जुड़ी असली वाणिज्यिक गलतियों के लिए अधिकारियों को दंडित न होना पड़े।

केलकर समिति ने अपनी सिफारिशों को महज विवाद निपटान और नियामकीय मुद्दों तक ही सीमित नहीं रखा था। उसने पीपीपी के मुख्य ढांचे पर भी गौर किया था। इस बारे में समिति की प्रमुख सलाह इस समझ की थी कि निजी क्षेत्र कुछ खास तरह के जोखिम तो खुद उठा सकते हैं लेकिन कुछ जोखिम वे नहीं ले सकते हैं। रियायती करारों में 'एक ही ढांचा सबके लिए मुफीद होता है' वाला मॉडल परियोजना-केंद्रित एवं क्षेत्र-केंद्रित संदर्भों का ध्यान नहीं रखता है। मसलन, एक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य ऐसा नहीं है जिसे कोई निजी कंपनी अपनी सामान्य कारोबारी गतिविधियों में अंजाम देती है लिहाजा संबंधित सरकार को ही यह जोखिम उठाना चाहिए। निविदा के दस्तावेजों में यह साफ तौर पर वर्णित होना चाहिए कि किस तरह के हालात में पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से पुनर्विचार होगा?

केलकर समिति की रिपोर्ट में ढांचागत परिदृश्य के एक और प्रमुख बिंदु को जगह दी गई थी। इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) ढांचे पर बनी कई परियोजनाएं असल में निर्माण के दौर से आगे बढ़ते हुए परिचालन एवं रखरखाव (ओऐंडएम) के दौर में आ चुकी हैं। ऐसे में उनकी तरफ से उपभोक्ताओं को दी जानी सेवाओं का सटीक एवं पारदर्शी होना निहायत ही जरूरी है। ऐसे ओऐंडएम अनुबंधों का प्रबंधन ऐसी गतिविधियों में अनुभव एवं दक्षता रखने वाली निजी कंपनियों के हवाले कर दिया जाना चाहिए। यह बात परिसंपत्ति-पुनर्चक्रीकरण नीति के तहत सरकारी स्वामित्व वाली इकाइयों में सरकार के पैसे लगाने की स्थिति में भी सही है।

समिति की रिपोर्ट आने के चार साल बाद यह साफ हो चुका है कि केलकर रिपोर्ट एक व्यावहारिक एवं बुनियाद खड़ा करने वाला दस्तावेज है। आज भी यह रिपोर्ट अगले कुछ वर्षों के लिए ढांचागत क्षेत्र में निवेश के भविष्य को लेकर एक साफ रोडमैप तैयार करती है। कुछ अन्य बिंदुओं को भी ध्यान में रखने की जरूरत है। मसलन, बिना सोचे-समझे बोली लगाने से रोकना या एक मान्यता-प्राप्त ढांचे के रूप में स्विस चैलेंज की अनुमति देना या फिर 'प्लग ऐंड प्ले' जैसे अधिक अनुकूल माने जाने वाले पीपीपी ढांचे को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर भी ध्यान देना होगा। मौजूदा समय में नई सरकार के लिए पीपीपी-पुनर्जीवन प्रक्रिया लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाने की जरूरत है।

(लेखक ढांचागत सलाहकार फर्म फीडबैक इन्फ्रा के चेयरमैन हैं)

रक्षा क्षेत्र में नई जान डालने की कार्य योजना

दोधारी तलवार
अजय शुक्ला

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दोबारा चुनाव जीतने में इस धारणा का अहम स्थान रहा है कि उसकी सरकार रक्षा एवं सुरक्षा मामलों में मजबूत रही है। लेकिन रक्षा आवंटन, खरीद सुधार और उच्च रक्षा प्रबंधन के पुनर्गठन से लेकर स्वदेशी रक्षा उद्योग के विकास में भी राजग सरकार ने पूर्ववर्ती संप्रग सरकार का केवल अनुसरण किया है। राजग सरकार सीमापार सर्जिकल स्ट्राइक, डोकलाम पर तनातनी और बालाकोट में स्थित आतंकी शिविरों पर हवाई हमले जैसे कदमों और पाकिस्तान एवं कश्मीर पर सख्त लहजे से अपनी मजबूती का आभास देती रही। नई सरकार को भी यह पता है कि अगर इनमें से कोई भी घटना गंभीर सैन्य घटना में तब्दील होती तो व्यवस्थागत कमजोरियां उजागर हो जातीं। ऐसी स्थिति में रक्षा खामियों को दूर करने के लिए रक्षा दर्शन, मध्यावधि और अल्पावधि के लिए सुझाव पेश हैं:

दर्शन में बदलाव

पहला, सरकार को रक्षा पूंजी आवंटन की स्पष्ट सीमा तय करनी चाहिए जिसका इस्तेमाल रक्षा उपकरणों के आधुनिकीकरण में हो। रक्षा बजट का 30 फीसदी हिस्सा पूंजी खरीद मद में डालने के सैद्धांतिक फैसले के लिए अंतरिम बजट के पूंजी आवंटन में 30,000 करोड़ रुपये वृद्धि की जरूरत पड़ेगी। इसके बावजूद रक्षा आवंटन कुल सरकारी व्यय का 16.5 फीसदी और सकल घरेलू उत्पाद का 2.2 फीसदी ही होगा।

दूसरा, हरेक सरकार ने रक्षा स्वदेशीकरण को लेकर जुबानी जमा-खर्च ही किया है। तकनीकी रूप से कमतर होने की सोच से ग्रस्त रक्षा मंत्रालय और सेना ने नासमझी दिखाते हुए सामरिक भागीदारी का रास्ता अपनाया है जिसमें विदेशी कंपनियों के साथ तकनीक हस्तांतरण समझौते के तहत भारतीय रक्षा इकाइयां उनके उत्पाद बनाती हैं। लेकिन उसमें उत्पाद डिजाइन, संशोधन और सुधार का प्रावधान नहीं होता है। उसके लिए भारत को व्यवस्थागत इंजीनियरिंग प्रक्रिया और क्षमता बढ़ानी होगी और इसे निर्माण से ही हासिल किया जा सकता है। तकनीक हस्तांतरण-आधारित उत्पादन विदेशी कंपनियों पर आश्रित रखता है। रक्षा शोध संगठन डीआरडीओ ने अपने सामरिक मिसाइल कार्यक्रम में ग्राउंड-अप प्रणाली एकीकरण के लाभ बताए हैं। इसकी पृथ्वी और अग्नि मिसाइलें लगातार अधिक सटीक होती गईं और इनकी मारक क्षमता बढ़ती गई जिससे अग्नि-4 और 5 का विकास हो सका। इस विशेषज्ञता से ऐंटी-बैलिस्टिक मिसाइल कवच के विकास का रास्ता खुला और ऐंटी-सैटेलाइट परीक्षण भी संभव हो सका।

विमान-रोधी मिसाइल आकाश और रॉकेट लॉन्चर पिनाका को भी अधिक घातक एवं सटीक हथियारों में विकसित किया जा रहा है। डीआरडीओ उन्नत तोप प्रणाली बना रहा है जिसके विकास के बाद भारत को तोप बाहर से नहीं खरीदनी पड़ेंगी। इसी तरह तेजस से उन्नत मझोले लड़ाकू विमान का स्वदेशी परिवेश तैयार होगा। सरकार को देश के भीतर डिजाइन एवं विकसित प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देना होगा।

तीसरा, रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास एवं विनिर्माण की पारिस्थितिकी तैयार करने के लिए रक्षा मंत्रालय को एक बाजार निर्माता के तौर पर काम करना होगा। दरअसल हथियार बाजार एक बिखरा हुआ बाजार है जिसमें क्रेता-विक्रेता दोनों का ही एकाधिकार होता है। अधिकांश हथियारों के लिए केवल भारतीय सेना ही आपूर्ति का इकलौता घरेलू स्रोत है। फिर भी सभी आठों रक्षा उपक्रमों के लिए निजी प्रतिद्वंद्वी खड़ा करना होगा और आयुध कारखानों को भी खुली प्रतिस्पर्द्धा के लिए खोलना होगा। रक्षा मंत्रालय को नियामकीय ढांचा, परीक्षण ढांचा और प्रमाणन एजेंसियां बनाने के साथ ही तकनीकी परिप्रेक्ष्य एवं सक्षमता कार्यरूप 2018 का अधिक विश्वसनीय संस्करण भी लाना होगा।

मध्यावधि कदम

पहला और सबसे जरूरी, पूंजी की लागत कम कर भारतीय रक्षा उद्योग को विदेशी प्रतिद्वंद्वियों और रक्षा उपक्रमों के लिए प्रतिस्पर्द्धी बनाएं। मुद्रास्फीति एवं ब्याज दरों की वजह से भारतीय कंपनियों को विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले हर साल 8-10 फीसदी अधिक राशि देनी पड़ती है जिससे 7-15 साल की पूर्णता अवधि वाले उत्पाद की लागत बढ़ जाती है। शोध एवं विकास को मिलने वाला प्रोत्साहन आगे भी देना होगा। आयकर अधिनियम के तहत मिलने वाले प्रोत्साहन की मियाद वर्ष 2020 में पूरी हो रही है। परीक्षण एवं प्रमाणन में लगी इकाइयों को भी धारा 80(एल) के तहत ढांचागत दर्जा देना होगा।

दूसरा, पिछली सरकार के समय घोषित कई नीतियों को अंतिम रूप देकर लागू करना होगा। रक्षा उत्कृष्टता नवाचार का विचार वास्तविक खरीद से तालमेल बिठाने में नाकाम रहा है। तकनीक विकास कोष में भी ऑर्डर का आश्वासन नहीं मिला है। विकास, उत्पादन एवं खरीद के बीच सीधा संबंध होना ही चाहिए। तीसरा, सरकार को आईटी-आधारित तकनीकों के विकास को बल देना चाहिए। तत्काल 3,00-4,000 करोड़ रुपये का निवेश साइबर तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इस्टार तकनीक के विकास में किया जाए। जंगी हथियारों में इस्तेमाल होने वाले सेंसर और उनसे मिलने वाली जानकारियों को देखते हुए यह काफी अहम है।

100 दिन का कार्यक्रम

सरकार स्वदेशी रक्षा प्लेटफॉर्म के लिए लंबित खरीद ठेके तत्काल जारी करे। इनमें आकाश, पिनाका, सामरिक मिसाइल और तेजस मार्क-1ए के उन्नत संस्करण शामिल होंगे। सेना के तीनों अंगों के ड्रोन, लड़ाकू विमान, युद्धपोतों और जमीनी जंगी वाहनों को जोड़ने के लिए एक स्वदेशी डेटा संपर्क बनाने के लिए एक मिशन परियोजना चलाई जाए। नियंत्रण एवं कमान के इस अहम सॉफ्टवेयर की देखरेख उस निकाय को सौंपी जाए जिसमें डीआरडीओ, इसरो, सीएसआईआर के अलावा बुद्धिजीवी एवं निजी प्रतिनिधि भी शामिल हों। क्षेत्रीय भागीदार देशों को रक्षा निर्यात के लिए फंडिंग एवं पाबंदी का तरीका अपनाया जाए।

कानाफूसी

सांसद की सेल्फी

इस बार संसद में पहली बार पहुंचने वालों की तादाद अच्छी खासी है। इनमें से ज्यादातर नए सांसद किसी न किसी वजह से चर्चा में बने हुए हैं। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी भी उनमें से एक हैं। पिछले दिनों जब वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय बोर्ड की बैठक में शामिल होने नई दिल्ली पहुंचे तो उन्हें बैठक में एक अन्य सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी भी नजर आईं। बस फिर क्या था, लालवानी ने एक सेल्फी खींची जिसमें पीछे की कतार में हेमा मालिनी बैठी नजर आ रही हैं। जैसा कि होता है, उनकी यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जब वह वापस इंदौर आए और लोगों ने उनसे उस तस्वीर के बारे में पूछा तो शर्मिंदा होते हुए लालवानी ने कहा कि वह तो केवल सेल्फी ले रहे थे, उन्हें कोई अंदाजा नहीं था कि पिछली पंक्ति में कौन बैठा हुआ है।

परंपरा बनाम सुनवाई

ज्यादा लोगों को यह बात याद नहीं होगी कि विभिन्न कारोबारी चैंबरों ने इस वर्ष अपने उस पारंपरिक और रस्मी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित नहीं किया है जिसे उनके नए बनने वाले अध्यक्ष संबोधित करते आए हैं। इस वर्ष भी अप्रैल के अंत तक तमाम नियुक्तियां की जा चुकी थीं लेकिन संवाददाता सम्मेलन टाले जाते रहे। ऐसा संभवत: इसलिए किया गया ताकि नई सरकार में उनकी बात सुनी जा सके। ऐसे में आशा की जानी चाहिए कि सरकार के गठन के बाद बहुत जल्दी ये संबोधन भी हमें सुनने को मिल सकते हैं।

आपका पक्ष

नई सरकार के समक्ष कई चुनौतियां

देश की जनता ने एक बार फिर भाजपा सरकार पर भरोसा दिखाकर उसे प्रचंड बहुमत से जीत दिलाई है ताकि एक सशक्त शासन से देश के हर मोर्चे पर प्रगति हो। देश की अर्थव्यवस्था आज कई चुनौतियों का सामना कर रही है। इसलिए नई सरकार को अर्थव्यवस्था पर खास जोर देना जरूरी हो गया है। देश में बेरोजगारी की समस्या प्रमुख है क्योंकि मांग के मुताबिक रोजगार सृजन में पिछले पांच वर्षों में सरकार विफल रही थी। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के मुताबिक 2017-2018 में देश के 11 राज्यों में बेरोजगारी की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक थी और देश के 47 करोड़ युवा सरकार से रोजगार सृजन की अपेक्षा कर रहे हैं। वहीं वर्ष 2017 की रिपोर्ट के मुताबिक देश प्रतिदिन 4341.501 बैरल कच्चा तेल आयात किया और आयात बढ़ता जा रहा है। इन आंकड़ों से यह निष्कर्ष निकलता है कि कच्चे तेल की निर्भरता और उसके बढ़ते दामों के कारण महंगाई दर बढ़ेगी। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध और ईरान से कच्चा तेल खरीदने में लगी रोक से देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान उठाना पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र 2019 की रिपोर्ट के हिसाब से भारत की अनुमानित जनसंख्या 135 करोड़ है। जनसंख्या के मुकाबले संसाधन की भारी कमी वजह से देश गरीबी, बीमारी, पर्याप्त पानी जैसे मुद्दों के लिए संघर्ष कर रहा है। भाजपा के घोषणापत्र में सूक्ष्म, लघु और माध्यम उद्योगों के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की क्रेडिट गारंटी की बात की गई है। भाजपा ने राष्ट्रीय व्यापार आयोग बनाने का वादा किया है। छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को पेंशन देने का भी वादा किया है। लेकिन यह कब अमल में लाया जाएगा इस बारे में आने वाला समय बताएगा। राष्ट्रीय बैंक एनपीए की समस्या के साथ बैंक कर्मचारी अत्याधिक काम के बोझ से परेशान हैं। सरकार के समक्ष किसान, ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने की चुनौती है। विदेशी वस्तुएं स्वदेशी वस्तुओं को टक्कर नहीं दे पा रही है। इसलिए विनिर्माण क्षेत्र को स्पर्धात्मक लायक बनाने की चुनौती भी है। इन प्रमुख आर्थिक समस्याओं की चुनौती के अलावा मोदी सरकार को अन्य आर्थिक समाधान के विकल्प जल्द से जल्द खोजने होंगे ताकि देश का जनादेश सही साबित हो सके।

निशांत महेश त्रिपाठी, नागपुर

शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व नरेंद्र मोदी ने वॉर मेमोरियल में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी

देश में बढ़ती राजनीतिक हिंसा

लोकसभा चुनाव में एक तरफ राजनेता अपनी टिप्पणियों के कारण सुर्खियों में रहे तो दूसरी तरफ चुनाव के दौरान हुई हिंसा ने देश का माहौल बिगाड़ दिया। हाल में पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले सामने आए हैं। इसके पीछे राजनीतिक प्रतिशोध माना जा रहा है। राजनीतिक हिंसा लोकतंत्र के मूल सिद्धांत का विरोध करती है। विपक्षी नेताओं को लोगों के फैसले का सम्मान करना चाहिए और देश को समृद्ध बनाने के लिए एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाना चाहिए। हिंसा से आज तक किसी को फायदा नहीं हुआ है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों को अपने नेताओं को हिंसा से दूर रहने की सलाह देनी चाहिए। राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि चुनाव के बाद देश में स्थिति सामान्य रहे।

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in उस जगह का उल्लेख अवश्य करें, जहां से आप ईमेल कर रहे हैं।

दैनिक जागरण

शब्दकोश से असंभव शब्द निकालने से ही सफलता मिलती है

नई सरकार

एक महोत्सव जैसे आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके अनेक सहयोगियों की ओर से शपथ लेने के साथ ही मोदी सरकार की दूसरी पारी का शुभारंभ हो गया है। यह शुभारंभ जैसे खुशनुमा माहौल में और प्रमुख विपक्षी नेताओं के साथ-साथ आम लोगों एवं जानी-मानी हस्तियों की उपस्थिति के बीच शुरू हुआ उससे देश के साथ दुनिया भी भारतीय लोकतंत्र की महिमा और गरिमा से परिचित हुई। लोकतंत्र का मूल और मंतव्य यही है कि चुनावों के दौरान पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे से बेहतर जनसेवक साबित करने की चेष्टा करें और फिर जनता के फैसले को स्वीकार कर देश की प्रगति के लिए मिलजुलकर काम करें। अच्छा होता कि विपक्ष के वे नेता शपथग्रहण समारोह का बहिष्कार करने से बचे होते जिन्होंने इस मौके पर भी दलगत राजनीति को महत्व देते हुए इस समारोह से अपने को दूर रखा। यह सही है कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने प्रचंड बहुमत हासिल कर जनता की अपेक्षाएं बढ़ा ली हैं, लेकिन लोकतंत्र एक सजग-सचेत विपक्ष की भी मांग करता है। भले ही इस लोकसभा में विपक्ष पिछली बार के मुकाबले संख्याबल में कम हो, लेकिन अगर वह जनहित एवं राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे और सकारात्मक रवैये का प्रदर्शन करे तो अपनी सार्थकता एवं महत्ता सिद्ध कर सकता है। उसे करना भी चाहिए। राष्ट्रीय महत्व के मसलों पर सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों से यही अपेक्षा की जाती है कि वे दलगत हितों से परे हटकर काम करें। विभिन्न मसलों पर पक्ष-विपक्ष में मतभेद होने स्वाभाविक हैं, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतभेदों के बीच भी सहमति कायम करनी होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार यह कहते रहे हैं कि सरकार तो बहुमत से बनती है, लेकिन देश सबकी सहमति से चलता है। उनके इस कथन पर विपक्षी दलों की राय जो भी हो, इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि आज के दौर में जब देश बदल रहा है और उसकी अपेक्षाएं बढ़ रही हैं तब राजनीति के तौर-तरीकों में बुनियादी बदलाव की सख्त जरूरत है। सबसे अधिक जरूरत संसदीय काम-काज में बदलाव लाने की है। इस बदलाव से राजनीति का भी भला होगा। पुराने, घिसे-पिटे और निष्प्रभावी तौर-तरीकों के कारण ही भारतीय लोकतंत्र श्रेष्ठ रूप नहीं ले पा रहा है। निःसंदेह भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन जरूरत तो इसकी है कि वह श्रेष्ठ एवं सशक्त लोकतंत्र बने। नई सरकार के नेतृत्व में इस लोकसभा को ऐसा कुछ करना ही चाहिए जिससे श्रेष्ठ लोकतांत्रिक परंपराओं को सहजता से अपनाया जा सके। जहां तक मोदी सरकार के मंत्रियों की बात है, चूंकि केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों की कुल संख्या 81 हो सकती है इसलिए आने वाले समय में कुछ और मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। सभी मंत्रियों के शपथ लेने और उनके विभागों के बंटवारे के बाद ही उसकी क्षमता और योग्यता का सही मूल्यांकन किया जा सकता है, लेकिन इतना तो है ही कि अमित शाह के मंत्री बनने से मोदी सरकार एक सक्षम प्रशासक से लैस होने जा रही है। मंत्रिपरिषद में उनके साथ कुछ और नए चेहरों की उपस्थिति नई सरकार को और प्रभावी बनाने एवं बेहतर परिणाम देने वाली बननी चाहिए।

कठोर प्रहार जरूरी

झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों पर किए गए हालिया हमले में 26 जवान जख्मी हुए हैं। स्पष्ट है कि राज्य में माओवादियों के हौसले फिर बुलंद हो रहे हैं। संदेश साफ है कि नक्सलियों पर नकेल कसने की सफलता पर संतुष्ट होकर नहीं बैठा जा सकता। इसकी कतई अनदेखी नहीं की जा सकती कि नक्सली मौका मिलते ही दोबारा उठ खड़ा होने में देर नहीं लगाते। पलटवार को सही समय का इंतजार करते हैं। इसलिए पड़ताल होनी चाहिए कि नक्सली संगठन आधुनिक हथियार एवं विस्फोटक कहां से और कैसे हासिल कर ले रहे हैं? यह काम प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए कि उन तक हथियार एवं दूसरे संसाधन नहीं पहुंच सकें। इसलिए जरूरी है कि राज्य में लाल आतंक पर कड़ा प्रहार किया जाए। यदि दलों या संगठनों की नक्सलियों के साथ किसी भी रूप में संलिप्तता पाई जाती है तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने में कोताही नहीं होनी चाहिए। शासन-प्रशासन को ध्यान देना होगा कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षा बलों को कैसे जरूरी संसाधनों से लैस रखते हुए और अधिक सक्षम बनाया जाए। नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा संभाले केंद्रीय सुरक्षा बलों एवं स्थानीय पुलिस के बीच संवाद एवं समन्वय को और प्रभावी बनाए जाने की आवश्यकता है। खुफिया तंत्र को और सक्रिय करते हुए नक्सलियों से जनता को दूर रखने या करने की कवायद तेज करनी होगी। प्रभावित इलाकों में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचा कर भी लाल आतंक की जड़ें खत्म की जा सकती हैं। हमें जनमानस को यह संदेश भी देना होगा कि नक्सली विकास विरोधी होते हैं और भोले-भाले लोगों को बरगलाने का काम करते हैं। वह नहीं चाहते कि गांवों तक विकास पहुंचे। सड़क निर्माण को रोकना, स्कूल भवनों को ध्वस्त करना, संचार सेवा को बाधित करना, ठेकेदारों को धमकाना जैसे कई कदम यह बताने के लिए काफी हैं कि नक्सलियों का गांव-गरीब के हित से कोई लेना-देना नहीं।

चुनावी रणनीति के शहंशाह

प्रदीप सिंह

अमित शाह से पहले किसी पार्टी के संगठन के सामाजिक आधार को इतना व्यापक बनाने का काम कभी किसी और नेता ने नहीं किया

आने वाले समय में राजनीतिशास्त्री जब भी चुनावी रणनीति पर शोध करेंगे तो अमित शाह का नाम रणनीति के शहंशाह के तौर पर आएगा। उनकी सफलता अध्ययन का विषय बन गई है। यह बात केवल इस आधार पर नहीं कही जा रही कि भाजपा को लगातार दूसरी बार लोकसभा में बहुमत मिला और पांच साल में पार्टी ने 16 चुनाव जीते। चुनाव में भाजपा और उसके नेतृत्व वाले राजग की प्रचंड जीत एक मुद्दा है, लेकिन पांच साल में किसी पार्टी के संगठन के सामाजिक आधार को इतना व्यापक बनाने का काम कम से कम अपने देश में तो इससे पहले कभी किसी नेता ने नहीं किया। भारतीय राजनीति खासतौर से भाजपा की राजनीति में अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी की जोड़ी की हमेशा चर्चा होती है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह सही मायने में एक-दूसरे के पूरक हैं। आमतौर पर जिन्हें एक-दूसरे का पूरक माना जाता है, उन दोनों में किसी के पास एक तरह के गुण और दूसरे में दूसरी तरह के गुण होते हैं, लेकिन मोदी और शाह के मामले में ऐसा नहीं है। दोनों उत्तम कोटि के संगठनकर्ता हैं। दोनों ही चुनावी और राजनीतिक रणनीति में पारंगत हैं। मोदी इस समय देश ही नहीं शायद दुनिया के सबसे सशक्त वक्ता हैं। दूसरी ओर अमित शाह वैचारिक संवाद के उस्ताद हैं। लोकसभा चुनाव में शिवसेना और जनता दल यूनाइटेड से समझौता अमित शाह के ही बस की बात थी। दोनों में एक और समानता है। प्रधानमंत्री संगठन के हित पर राष्ट्रीय हित को तरजीह देते हैं तो अमित शाह संगठन के हित को व्यक्तिगत हित के ऊपर रखते हैं। दोनों ही अपने साथ के लोगों से सौ फीसदी से ज्यादा की उम्मीद रखते हैं, क्योंकि खुद उस पर आचरण करते हैं।

अमित शाह की एक और खूबी यह है कि वह संगठन के हित और विचारधारा से समझौता नहीं करते। राष्ट्रीय नागरिकता विधेयक को लेकर असम और उत्तर पूर्व में हिंसक विरोध हो रहा था। विधेयक लोकसभा से पास हुआ और राज्यसभा में विपक्ष ने रोक दिया। शाह चाहते तो चुनाव तक चुप्पी साध सकते थे, लेकिन चुप्पी साध लेते तो वह अमित शाह नहीं होते। चुप्पी छोड़िए, वह रैली दर रैली कहते रहे कि कुछ भी हो, नागरिकता कानून के मुद्दे से भाजपा पीछे नहीं हटेगी। इतना ही नहीं इस मुद्दे पर नाराज होकर एनडीए से बाहर हुई असम गण परिषद को भी उन्होंने मना लिया। पिछले लोकसभा चुनाव में वह पार्टी के महासचिव थे और उत्तर प्रदेश के प्रभारी थे। इसलिए पर्दे के पीछे से चुपचाप अपना काम करते रहे और उत्तर प्रदेश में भाजपा को अकल्पनीय सफलता दिलाई। इस बार वह पार्टी के अध्यक्ष थे। उनके काम करने के तरीके के बारे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बताया कि अमित शाह जी रात में दो बजे तक बैठक करते हैं और सुबह छह बजे लोगों को अगले दिन के काम के लिए जगा देते हैं। बहुत से लोगों के मन में एक सवाल उठता है कि आखिर अमित शाह की कामयाबी का मंत्र क्या है? योगी आदित्यनाथ के कथन और शाह की कार्यशैली के आधार पर निष्कर्ष निकालें तो कह सकते हैं कि उनकी सफलता का मंत्र है चरैवेति चरैवेति। रुकने, थकने, और आलस्य जैसे शब्द शायद उनके शब्दकोश में हैं ही नहीं। कम ही लोगों को पता होगा कि इन्हीं अमित शाह के बारे में एक समय भाजपा संसदीय बोर्ड के एक सदस्य ने मोदी की मौजूदगी में कहा था कि आखिर इस अमित शाह को कब तक ढोएंगे? इस सवाल पर मोदी का धैर्य जवाब दे गया था। उन्होंने कहा था, आप लोगों को अंदाजा भी है कि उन्होंने पार्टी के लिए क्या किया और सहा है? आज वही लोग अमित शाह की प्रशंसा में सबसे आगे रहने की कोशिश करते हैं। एक समय था जब भाजपा में अटल-आडवाणी के होते हुए भी कई गुट थे। ऐसा नहीं है कि आज सब लोग पूरी तरह संतुष्ट हैं, लेकिन ऐसे लोगों के लिए समस्या यह है कि उनके पास शिकायत का कोई मौका नहीं है।

इंडिया शाइनिंग नारे के बावजूद 2004 में भाजपा क्यों हार गई थी? इसके कारण तो कई हैं, लेकिन यहां तीन बातों का जिक्र जरूरी है। एक, वाजपेयी के समय सरकार और संगठन एक हो गया था, बल्कि यह कहना ज्यादा ठीक होगा कि संगठन सरकार का दरबारी हो गया था। सरकार की उपलब्धियों को आम लोगों तक पहुंचाने का काम भी संगठन ने सरकार पर ही छोड़ दिया था। अमित शाह ने इस बार यह नहीं होने दिया। इसी काम सरकार और संगठन कदम से कदम मिलाकर चले। दूसरी बात यह कि वाजपेयी सरकार ने आधारभूत ढांचे को सुधारने के लिए बड़े ऐतिहासिक काम किए, लेकिन आम लोग विकास का आकलन इस बात से करते हैं कि उन्हें ठोस रूप में क्या मिला, जो उनके जीवन स्तर को सुधार सके। उज्ज्वला, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, बिजली कनेक्शन और आयुष्मान जैसी योजनाओं ने मतदाताओं की इस इच्छा को पूरा किया।

मोदी-शाह की जोड़ी ने तीसरा अहम काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सर्वांगीण तालमेल करने का किया। इसके लिए बाकायदा एक संस्थानिक व्यवस्था की गई। वाजपेयी सरकार पर आक्रमण में उस समय संघ परिवार कांग्रेस से भी ज्यादा आक्रामक था। तत्कालीन सरसंघचालक केएस सुदर्शन, स्वदेशी जागण मंच के दत्तोपंत ठेंगड़ी और विश्व हिंदू परिषद के अशोक सिंघल ने वाजपेयी और उनकी सरकार पर राष्ट्रहित की अनदेखी करने का आरोप सार्वजनिक रूप से लगाया था। पिछले पांच सालों में कभी ऐसा नहीं लगा कि संघ और सरकार अलग-अलग दिशा में चल रहे हैं। सरकार, संगठन और संघ के बीच संवाद सेतु बनाने में किसी एक व्यक्ति की सबसे बड़ी भूमिका रही तो वह अमित शाह की।

प्रधानमंत्री सुचारु रूप से शासन चला सकें, इसके लिए अमित शाह ने प्रधानमंत्री को संगठन की समस्याओं से मुक्त रखा। इससे भी बड़ा काम उन्होंने यह किया कि भाजपा के दूसरी और तीसरी पीढ़ी के नेताओं को संगठन का काम करना सिखा दिया। एक नेता ने कहा कि जिसने कुछ समय अमित शाह के साथ काम कर लिया या करते देख लिया वह विधायक का चुनाव हार ही नहीं सकता। वह उम्मीदवारों को यहां तक बताते हैं कि पैसा कैसे, किस काम पर और कब खर्च करें। उम्मीदवारों के चयन के मुख्य रूप से दो ही मानदंड थे। कार्यकर्ता को प्रथमिकता और जीतने की संभावना। इस चुनाव में उन्होंने पार्टी की ओर से उम्मीदवारों को दिए जाने वाले पैसे की परंपरा को भी रोक दी। एक और बड़ा काम उन्होंने यह किया कि चुनाव जिताने का फार्मूला ईजाद कर लेने का दावा करने वाले तथाकथित प्रोफेशनल रणनीतिकारों को उनकी हैसियत बता दी। उन्होंने बता दिया कि चुनाव में जीत और हार सिर्फ पार्टी और नेताओं की होती है। चूंकि बीते पांच साल में उन्होंने कई कठिन लक्ष्य हासिल किए, इसलिए उनके मंत्री बन जाने पर बहुत से लोग उनके बिना भाजपा के संगठन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

अवधेश राजपूत

सेहत के लिए संकट बने तंबाकू उत्पाद

डॉ. सूर्यकांत

तंबाकू उत्पादों से जो राजस्व मिलता है, उससे कई गुना राशि तंबाकू जनित बीमारियों के इलाज में खर्च हो जाती है

जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड इन सर्विसेज के अनुसार भारत में लगभग 27 करोड़ लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। भारत में तंबाकू के कारण प्रतिवर्ष लगभग 12 लाख लोगों की मृत्यु होती है। यहां तंबाकू सेवन प्रारंभ करने की औसत आयु 18.7 वर्ष है। महिलाओं की तुलना में पुरुष कम उम्र में तंबाकू का सेवन करना प्रारंभ कर देते हैं। तंबाकू के कारण 25 तरह की बीमारियां तथा लगभग 40 तरह के कैंसर हो सकते हैं, जिसमें प्रमुख हैं-मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, प्रोस्टेट का कैंसर, पेट का कैंसर, ब्रेन ट्यूमर आदि। हमारे देश में लगभग 12 करोड़ लोग धूम्रपान करते हैं। विकसित देशों में धूम्रपान के विषय में जागरूकता के परिणामस्वरूप धूम्रपान का औसत गिरता जा रहा है, लेकिन गरीब और विकासशील देशों में अभी भी धूम्रपान के संबंध में चेतना की कमी है। इस वर्ष के विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम तंबाकू और फेफड़े का स्वास्थ्य है। आज अधिकांश बीमारियों के पीछे तंबाकू की लत एक बड़ी वजह है। तंबाकू से निर्मित उत्पादों के सेवन से न सिर्फ व्यक्तिगत, शारीरिक एवं बौद्धिक ह्रास हो रहा है, अपितु समाज पर भी इसके दूरगामी सामाजिक, आर्थिक दुष्प्रभाव दिखाई देने लगे हैं।

गौरतलब है कि 16वीं शताब्दी में अकबर के शासन में पुर्तगाली पहली बार तंबाकू लेकर भारत आए थे। बाद में जहांगीर के शासनकाल में इसके उपभोग को नियंत्रित करने के लिए इस पर भारी कर लगाया गया, पर सदियां बीत गईं और तंबाकू व्यापार एवं उपभोग पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पाया। तंबाकू के धुएं से 500 हानिकारक गैसें एवं 7000 अन्य रासायनिक पदार्थ निकलते हैं, जिनमें निकोटीन और टार प्रमुख हैं। शोध में 70 रासायनिक पदार्थ कैंसरकारी पाए गए हैं। सिगरेट की तुलना में बीड़ी ज्यादा नुकसानदायक होती है। बीड़ी में निकोटीन की मात्रा कम होने के कारण निकोटीन की लत के शिकार लोगों को इसकी आवश्यकता बार-बार पड़ती है। हमारे देश में महिलाओं की अपेक्षा पुरुष अधिक धूम्रपान करते हैं। जब कोई धूम्रपान करता है तो बीड़ी या सिगरेट का 30 प्रतिशत धुआं उस पीने वाले के फेफड़े में जाता है एवं 70 प्रतिशत आसपास के वातावरण में रह जाता है, जिससे परिवार के लोग और उसके मित्र प्रभावित होते हैं, जिसको हम परोक्ष धूम्रपान कहते हैं। विश्व भर में होने वाली मृत्यु में 50 प्रतिशत मौतों का कारण धूम्रपान है। धूम्रपान के परिणामस्वरूप रक्त का संचरण प्रभावित हो जाता है, ब्लड प्रेशर की समस्या हो जाती है, सांस फूलने लगती है और नित्य क्रियाओं में भी अवरोध आने लगता है। धूम्रपान से होने वाली प्रमुख बीमारियां हैं-ब्रांकाइटिस, एसिडिटी, टीबी, ब्लडप्रेशर, हार्ट अटैक, फॉलिज, नपुंसकता, माइग्रेन, सिरदर्द, बालों का जल्दी सफेद होना आदि। यदि महिलाएं गर्भावस्था के दौरान परोक्ष या अपरोक्ष रूप से धूम्रपान करती हैं तो उनके होने वाले नवजात शिशु का वजन कम होना, गर्भाशय में ही या पैदा होने के बाद मृत्यु हो जाना और पैदाइशी बीमारियां होने आदि का खतरा बना रहता है।

बीड़ी या सिगरेट के धुएं में मौजूद निकोटीन जैसे विषैले तत्व हमारे मस्तिष्क में लगभग 10 से 19 सेकेंड में पहुंच जाते हैं, जिससे न्यूरोट्रांसमीटर्स का अधिक स्राव होने लगता है, जो कि हमारे लिए हानिकारक है। इसके कारण हमारी सोच तथा हमारी कार्यप्रणाली में बदलाव होने लगता है। यह सब केवल कुछ समय के लिए ही होता है, क्योंकि निकोटीन का असर आधे घंटे से दो घंटे तक रहता है। इसके बाद आपको पुनः इसकी जरूरत महसूस होने लगती है। लोगों में धूम्रपान करने के बहुत से कारण हैं जैसे कि उत्तेजना, इसका स्वाद जानने की इच्छा एवं चिंता से मुक्ति आदि। कुछ लोग इसे वैभव का भी प्रतीक मानते हैं, परंतु जब एक बार आप धूम्रपान करने लगते हैं तो आपको इसकी लत लग जाती है। धूम्रपान बंद करने से फायदे ही फायदे हैं। धूम्रपान बंद करने के एक वर्ष के भीतर दिल की बीमारियों की आशंका 50 प्रतिशत तक कम हो जाती है। फेफड़े का कैंसर होने की संभावना 10 से 15 वर्षों में 50 प्रतिशत तक कम हो जाती है। शरीर में रक्त का संचार सुचारू रूप से होने लगता है और शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा अच्छी हो जाती है। ब्रांकाइटिस एवं श्वसन तंत्र के अन्य रोगों की संभावना भी काफी कम हो जाती है। थकान कम होती है और मन प्रसन्न रहता है और आत्म विश्वास भी बढ़ता है।

तंबाकू सेवन से हो रहे दुष्प्रभावों को देखते हुए पूर्व में भारत सरकार ने कुछ व्यापक कदम उठाए हैं। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के अंतर्गत तंबाकू या उससे बने पदार्थों का प्रचार-प्रसार, खरीद-फरोख्त एवं वितरण पर सख्ती से रोक लगाने की बात कही गई थी। 2004 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर इस कानून को कार्यान्वित किया गया। वहीं विश्व समुदाय के लोग भी इस गंभीर विषय पर एकजुट हैं। इसके लिए वर्ष 1994 में एक विश्व संगोष्ठी में सुझाव दिया गया था कि धूम्रपान वाले उत्पादों पर टैक्स की बढ़ोतरी कर देनी चाहिए। इससे तंबाकू उत्पादों पर बढ़े कराधान से उपजी मूल्य वृद्धि से उनके उपभोग में कमी आएगी। लोगों की सेहत पर मंडराता खतरा कुछ हद तक कम होगा। सरकार को अधिक राजस्व प्राप्त होगा, जिसका प्रत्यक्ष उपयोग तंबाकू के खिलाफ जागरूकता पैदा करने और तंबाकू जनित रोगों से पीड़ित लोगों के उपचार और पुनर्वास में किया जाना चाहिए।

दुख की बात है कि तंबाकू के व्यवसाय में भारत काफी अग्रणी है। विश्वभर में तंबाकू के उत्पाद एवं उपयोग के संबंध में भारत दूसरे स्थान पर है। तंबाकू के दुष्प्रभावों को देखते हुए इसके उत्पादन तथा ब्रिकी दोनों पर रोक लगाना ही एकमात्र उपाय है, लेकिन इसके लिए दो कुतर्क दिए जाते है कि तंबाकू उत्पाद से लगभग तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है और इससे काफी राजस्व की प्राप्ति होती है। राजस्व की प्राप्ति एक मिथक ही है, क्योंकि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वर्ष 2015-16 के आंकड़ों के अनुसार तंबाकू के उत्पादों से प्रतिवर्ष 31,000 करोड़ रुपये अर्जित होते हैं, जबकि हम 1,04,500 करोड़ रुपये तंबाकू के दुष्प्रभावों से हो रही प्रमुख बीमारियों पर ही खर्च कर देते हैं। जाहिर है कि तंबाकू नुकसान के कहीं अधिक हैं और इसीलिए उसे एक अभिशाप कहा जाता है।

(लेखक किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

कर्मफल

जीवन एक यात्रा है। शरीर का अंत हो जाता है, लेकिन आत्म तत्व का नहीं। आत्म तत्व प्रत्येक जन्म में अपनी यात्रा करता है। नई काया, नए माता-पिता, नई जगह, नए नाम और पूर्व संस्कारों से प्राप्त कुछ विकारों को लेकर इस आत्म तत्व की यात्रा चलती रहती है। कुछ गुण तो कुछ दुर्गुणों की मिलावट के साथ एक नई यात्रा पुनः प्रारंभ होती है। इस संपूर्ण यात्रा में हमारा ध्येय कर्म करना है। रामचरितमानस में तुलसीदास जी ने कहा है कि यह विश्व कर्म प्रधान है। इसलिए मनुष्य को कर्म करना ही है। हर क्षण कर्म करना है। इस संदर्भ में ध्यान देने वाली बात यह है कि जब हम कर्म नहीं करते तब हमारी इंद्रियां, मस्तिष्क और हमारी कल्पनाएं कार्य करती रहती हैं।

समस्त कर्मों के अच्छे-बुरे स्वरूप के कारण हमें शुभ एवं अशुभ कर्मों का फल भोगना ही होगा। प्रायश्चित करने से और कभी भी पाप न करने की दृढ़ता पर अडिग रहने से आप कर्मफल के नकारात्मक प्रभावों से बच सकते हैं। कर्म का फल अवश्य मिलता है, भले ही यह देर से मिले। जिस अनुपात में हम जैसा भी कर्म करते हैं, उसी अनुपात में हमें फल भी मिलता है। हम जो भी कर्म करते हैं उसका फल अवश्यंभावी है। पूर्वकृत कर्म पीछा नहीं छोड़ते। हमें किसी न किसी जन्म में इन्हें भोगना ही पड़ेगा। अपने कर्मों से ही मनुष्य उठता है और गिरता भी है। हम बचपन से ही यह कहावत सुनते आए हैं, 'बोया पेड़ बबूल का, आम कैसे होय।' फिर भी मानव अगर प्रयत्न करे तो वह अशुभ कर्मों से बच सकता है। ईश्वर से प्रार्थना कर वह अशुभ कर्मों से बचने का प्रयत्न कर सकता है। वेदों का एक प्रमुख सार-तत्व है, 'हे ईश्वर हमें सब बुराइयों से दूरकर अच्छाइयों की ओर प्रवृत्त करो।'

संसार रूपी कर्मभूमि में हम सदैव अच्छे से अच्छे कर्मों को करने का प्रयास करें। हम जब बारंबार प्रार्थना करेंगे एवं शुभ कर्मों को करने के लिए दृढ़ संकल्पित होंगे तो ईश्वर हमारा साथ अवश्य देगा। इस स्थिति में हम शुभ कर्म करेंगे। जब हम शुभ कर्म करेंगे तो फल भी हमें शुभ ही मिलेगा। जब हम अपनी इस जीवन यात्रा को समाप्त कर संसार से विदा लेंगे, तब हमारे साथ कुछ न होगा। यदि कुछ होगा भी तो वे हमारे भले एवं बुरे कर्म ही होंगे, जिनका फल हमें निश्चित रूप से भोगना पड़ेगा।

सरस्वती वर्मा

परिवार का बदलता स्वरूप

देवेंद्रराज सुथार

अनुभव का खजाना कहे जाने वाले बुजुर्गों की असली जगह वृद्धाश्रम नहीं, बल्कि घर है

परिवार से इतर व्यक्ति का अस्तित्व नहीं है। लोगों से परिवार बनता है और परिवार से समाज और समाज से देश। परिवार दो प्रकार के होते हैं। एक, एकल परिवार और दूसरा, संयुक्त परिवार। भारत में प्राचीन काल से ही संयुक्त परिवार की धारणा रही है। संयुक्त परिवार में वृद्धों को संबल प्रदान होता रहा है और उनके अनुभव एवं ज्ञान से युवा एवं बाल पीढ़ी लाभान्वित होती रही है।

संयुक्त पूंजी, संयुक्त निवास एवं संयुक्त उत्तरदायित्व के कारण वृद्धों का प्रभुत्व रहने के कारण परिवार में अनुशासन एवं आदर का माहौल हमेशा बना रहता है, लेकिन बदलते समय में तीव्र औद्योगीकरण, शहरीकरण, आधुनिकीकरण एवं उदारीकरण के कारण संयुक्त परिवार की परंपरा चरमराने लग गई है। वस्तुतः संयुक्त परिवारों का बिखराव होने लगा है। एकल परिवारों की जीवनशैली ने दादा-दादी और नाना-नानी की गोद में खेलने एवं लोरी सुनने वाले बच्चों का बचपन छीनकर उन्हें मोबाइल का आदी बना दिया है। उपभोक्तावादी संस्कृति, अपरिपक्वता, व्यक्तिगत आकांक्षा, स्वकेंद्रित विचार, व्यक्तिगत स्वार्थ सिद्धि, लोभी मानसिकता, आपसी मनमुटाव और सामंजस्य की कमी के कारण संयुक्त परिवार की संस्कृति छिन्न-भिन्न हुई है। गांवों में रोजगार का अभाव होने के कारण अक्सर एक बड़ी आबादी का विस्थापन शहरों की ओर हो रहा है। शहरों में भीड़भाड़ रहने के कारण बच्चे अपने माता-पिता को चाहकर भी पास नहीं रख पा रहे हैं। यदि रख भी लें तो वे शहरी जीवन के अनुसार खुद को ढाल नहीं पाते हैं। गांवों की खुली हवा में सांस लेने वाले लोगों का शहरी की संकरी गलियों में दम घुटने लगता है।

इसके अलावा पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव बढ़ने के कारण भी आधुनिक पीढ़ी का अपने बुजुर्गों एवं अभिभावकों के प्रति आदर कम होने लगा है। वृद्धावस्था में अधिकतर बीमार रहने वाले माता-पिता अब उन्हें बोझ लगने लगे हैं। वे अपने संस्कारों और मूल्यों से कटकर एकाकी जीवन को ही अपनी असली खुशी एवं आदर्श मान बैठे हैं। देश में 'ओल्ड एज होम' की बढ़ती संख्या इशारा कर रही है कि भारत में संयुक्त परिवारों को बचाने के लिए एक स्वस्थ सामाजिक परिप्रेक्ष्य की नितांत आवश्यकता है। वहीं परिवार के एक-दो सदस्यों पर पूरे घर को चलाने की जिम्मेदारी आने के कारण आपस में हीनभावना पनपने लगी है। इसके अलावा बुजुर्ग वर्ग और आधुनिक पीढ़ी के विचार मेल नहीं खा पा रहे हैं। बुजुर्ग अपने पुराने जमाने के अनुसार जीना पसंद करते हैं तो युवा वर्ग आज की स्टाइलिश लाइफ जीना चाहते हैं। इसी वजह से दोनों के बीच संतुलन की कमी दिख रही है, जो परिवार के टूटने का कारण बन रही है।

यदि संयुक्त परिवारों को समय रहते नहीं बचाया गया तो हमारी आने वाली पीढ़ी ज्ञान संपन्न होने के बाद भी दिशाहीन होकर विकृतियों में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर लेगी। अनुभव का खजाना कहे जाने वाले बुजुर्गों की असली जगह वृद्धाश्रम नहीं, बल्कि घर है। ऐसा कौन-सा घर परिवार है जिसमें झगड़े नहीं होते? लेकिन यह मनमुटाव तक सीमित रहे तो बेहतर है। मनभेद कभी नहीं बने।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

सही चित्रण

मुसलमानों को डराने का अभियान शीर्षक से लिखे अपने लेख में निघत अब्बास ने देश के मुस्लिम समाज में डर एवं नफरत पैदा करने वाली राजनीति का सही-सही चित्रण किया है। देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद से ही कई राजनीतिक पार्टियां जातिवाद, मजहब एवं मुस्लिम तुष्टीकरण के आधार पर ही पली और पोषित हुई हैं। कांग्रेस एवं दूसरी अन्य कई पार्टियों ने राष्ट्रवादी संगठनों के खिलाफ दुष्प्रचार करने में अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी। मुस्लिम समाज को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से ऊपर उठाने के लिए कोई प्रयास कांग्रेस की सरकारों ने अपने शासनकाल में किया ही नहीं, जिसके कारण देश का अल्पसंख्यक समाज पिछड़ता चला गया। मुस्लिम समाज के कथित ठेकेदारों एवं धर्मगुरुओं ने भी उनका राजनीतिक रूप से शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपना राजनीतिक अस्तित्व बनाए रखने के लिए इस वर्ग के दिमाग में कई तरह की भ्रांतियां उत्पन्न करने का काम कथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियां करती रहीं। किसी भी सभ्य समाज के लिए यह आवश्यक है कि एक साथ समाज के सभी वर्गों का विकास किया जाए। उन्हें आगे बढ़ने एवं उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए समान अवसर मिले। तीन तलाक कानून को लें तो इन पार्टियों ने इस कानून का बड़े पैमाने पर विरोध करने में अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी। भला हो देश की जागरूक और शिक्षित मुस्लिम महिलाओं का, जिन्होंने इस कानून का डटकर समर्थन दिया। आशा यही की जानी चाहिए कि जैसे-जैसे मुस्लिम समाज जागृत होगा, अपने हक को पहचानना सीख जाएगा। फिर कोई भी इनका राजनीतिक रूप से दुरुपयोग नहीं कर सकेगा।

सुरेश गोयल, हिसार, हरियाणा

मेलबाक्स

अच्छे संस्कार का नतीजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी हाल में भाजपा व सहयोगी दलों के विजयी सांसदों के साथ बैठक में जिस तरह से सादगी व विनयशीलता का परिचय दिया उसकी जितनी प्रशंसा की जाय कम है। उन्होंने देशवासियों को विनयशील होने का संदेश भी दिया। यह सब संभव हुआ है अच्छे संस्कार से और मां के आशीर्वाद से। वह कभी अपनी मां का आशीर्वाद लेना नहीं भूलते हैं। इस बार भी चुनाव जीतने के बाद मां का आशीर्वाद लेने गए थे। इससे देश के युवाओं को एक संदेश भी जाता है कि उन्हें भी अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए।

डीपी वर्मा, शिप्रा नियो इंदिरापुरम, गाजियाबाद

शर्तों पर मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आम चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिले प्रचंड बहुमत ने भारत की धाक विदेशों में और मजबूत की है। दुनिया के देशों ने इस जीत पर मोदी को बधाई दी है। साथ ही परस्पर रिश्ते और मजबूत होने की उम्मीद जताई। प्रधानमंत्री के नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद पहले विदेश दौरे पर मालदीव जाने की संभावना है। 13-14 जून को उन्हें शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में हिस्सा लेना है। इस बैठक में उनका इमरान खान से भी आमना-सामना हो सकता है। पिछले मौके पर मोदी ने दृढ़ता का परिचय दिया था। इस बार मुलाकात भी अपनी शर्तों पर होनी चाहिए।

युधिष्ठिर लाल कक्कड, गुरुग्राम

इच्छा के विरुद्ध

आजकल अधिकांश लोग अपने बच्चों को अपनी मर्जी से करियर चुनने की छूट देने लगे हैं। वे समझने लगे हैं कि बच्चों पर करियर को लेकर की गई जबरदस्ती घातक परिणाम ला सकती है। पर अफसोस कि नेहरू-गांधी परिवार में बच्चों को उनकी इच्छा के विरुद्ध राजनीति में धकेला जा रहा है। राहुल और प्रियंका के साथ यही हो रहा है। बेहतर होगा सोनिया गांधी उन्हें राजनीतिक जिम्मेदारी से मुक्त कर सहज जीवन जीने दें।

डॉ. प्रतिभा अग्रवाल, गुरुग्राम

सभ्यता एवं संस्कृति

जीत के बाद मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी व मुरली मनोहर जोशी के घर जाकर पैर छूकर आशीर्वाद लिया, इसके बाद अपनी मां के पास जा कर भी आशीर्वाद लिया। यही देश की परंपरा व संस्कार है। परंतु आधुनिक युग में ये संस्कार छूटते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पूरे देशवासियों को भारतीय सभ्यता, संस्कृति व संस्कारों के दर्शन कराएं हैं।

hemahariupadhyay@gmail.com

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें :
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: mailbox@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. संपादकीय निदेशक-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
23359961-62, नोएडा कार्यालय : 0120-3915800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं न हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय ।ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त।

नई पारी

भारी बहुमत से चुनाव जीत कर दुबारा सत्ता की कमान संभालने वाली भाजपा और सहयोगी दलों की सरकार के मंत्रियों पर स्वाभाविक ही लोगों की नजर थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भव्य समारोह में अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली। उनकी सरकार में ज्यादातर पुराने मंत्रियों को ही शामिल किया गया है। कुछ नए मंत्रियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्रियों का चुनाव करते समय क्षेत्र, वर्ग आदि के साथ-साथ सहयोगी दलों का भी ध्यान रखा गया है। इस तरह मंत्रियों के चुनाव से उम्मीद जगी है कि सरकार इस बार भी तमाम क्षेत्रों में कामकाज सुचारु ढंग से चलाने को लेकर प्रतिबद्ध है। आमतौर पर मंत्रिमंडल का गठन करते समय दलों, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और करीबी लोगों का दबाव देखा जाता है, मगर नई सरकार के मंत्रिमंडल में यह दबाव नजर नहीं आता। चूंकि सरकार के कामकाज की जवाबदेही आखिरकार सत्ता के मुखिया पर आती है, इसलिए उसका दायित्व होता है कि वह ऐसे लोगों को विभागों की जिम्मेदारी सौंपे, जो कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार हों और सरकार के दृष्टिकोण तथा लक्ष्यों के अनुरूप काम कर सकें। फिर जब कोई सरकार अपनी दूसरी पारी शुरू करती है, तो पुराने सहयोगियों के कामकाज का भी मूल्यांकन करती है। अगर वह किसी मंत्री के कामकाज से संतुष्ट नहीं होती, तो उसे दुबारा जिम्मेदारी न सौंपने जैसे कठोर फैसले भी करने पड़ते हैं। इस तरह नई सरकार अपने मंत्रिमंडल के गठन में अधिक व्यावहारिक नजर आई है।

कई बार सरकारें दूरगामी लक्ष्य लेकर चलती हैं। कई ऐसी योजनाएं होती हैं, जिनके नतीजे एक-दो साल में नजर नहीं आते। उन पर सतत ध्यान रखने की जरूरत होती है। इस तरह जब कोई पार्टी दुबारा सत्ता में आती है, तो उसे अपनी महत्त्वाकांक्षी योजनाओं पर लगातार काम करने की जरूरत होती है। अगर पिछले कार्यकाल में उनमें कोई कमी रह गई है या किसी तरह के बदलाव की जरूरत है, तो उस दिशा में काम करने की जरूरत होती है। या फिर जिन क्षेत्रों में अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा पाया होता है, उनमें नए सिरे से कार्ययोजना तैयार करनी होती है। पिछले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने कृषि, वाणिज्य, स्वास्थ्य, रोजगार आदि अनेक क्षेत्रों में कई महत्त्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की थीं। उनमें से कई के अपेक्षित नतीजे अभी आने हैं। ऐसे में जिन मंत्रियों ने लक्ष्य के अनुरूप काम किए, उन्हें जिम्मेदारी सौंपना लाजमी है। इससे बड़ा फायदा यह भी होता है कि जो व्यक्ति लगातार जिस क्षेत्र में काम करता आया हो, योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध रहा हो, उसे उस काम के हर पहलू का ज्ञान होता है और जब उसे दुबारा जिम्मेदारी सौंपी जाती है, तो उसके लिए परेशानी नहीं होती। वह सहजता से उस काम को करने में जुट जाता है। इस लिहाज से कई मंत्रियों को दुबारा सरकार में शामिल किया जाना सरकार का समझदारी भरा कदम कहा जाएगा।

भाजपा इस बार पिछले चुनाव से भी अधिक सीटों पर विजय हासिल कर सत्ता में आई है। इसका अर्थ है कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामकाज पर भरोसा है। इस तरह नई सरकार पर जिम्मेदारियां पहले से कुछ अधिक बढ़ गई हैं। अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि क्षेत्रों की चुनौतियों से पार पाना बड़ा काम माना जा रहा है। इसके अलावा सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखना और उनकी जरूरतें पूरी करने का बड़ा दायित्व उसके कंधों पर है। यह काम भरोसेमंद, ईमानदार, कर्मठ और कुशल मंत्रियों के बल पर ही संभव हो सकता है। प्रधानमंत्री कुशल प्रशासक हैं और वे जानते हैं कि किन लोगों के सहयोग से वे चुनौतियों का बखूबी सामना कर सकते हैं। पिछले कार्यकाल में मंत्रिमंडल का गठन करते समय भी उन्होंने बड़ी सूझबूझ और पारदर्शिता के साथ सदस्यों का चुनाव किया था। युवा और ऊर्जावान लोगों को अधिक जिम्मेदारी सौंपी गई थी। लोगों को उपकृत करने या फिर किसी तरह के दबाव में आकर मंत्रिमंडल का आकार बढ़ाने के मोह में नहीं पड़ा गया। इस बार भी वही दृष्टि दिखाई दी है। सभी मंत्री अनुभवी और ऊर्जावान हैं, जो नए हैं, उन्हें अनुभवी लोगों का साथ मिलेगा। इस तरह ऊर्जा और अनुभव के मेल से बेहतर काम का भरोसा जगता है। फिर छोटा मंत्रिमंडल अधिक काम का सूत्र ज्यादा कारगर साबित होता है। इस तरह सरकार के अनावश्यक खर्चे भी बचते हैं। इस लिहाज से नए मंत्रिमंडल के सदस्यों का चुनाव बेहतरी की उम्मीद जगाता है।

जानलेवा परिसर

गुजरात के सूरत में एक कोचिंग संस्थान में लगी आग से करीब दो दर्जन बच्चों की मौत की त्रासद घटना लोगों के ध्यान से उतरी भी नहीं थी कि दिल्ली में इसी तरह का एक हादसा हो गया। गनीमत बस यह थी कि जिस इमारत में आग लगी, उसमें मौजूद लगभग पचास बच्चियों की जान किसी तरह बच गई। लेकिन इससे एक बार फिर यही साफ हुआ है कि शिक्षा का कारोबार करने वालों के लिए प्राथमिकता केवल कमाई है। जो बच्चे उनके संस्थानों में पढ़ने जाते हैं, उनकी सुरक्षा का सवाल कोई खास मायने नहीं रखता। वरना क्या वजह है कि जिस इमारत में चलने वाले हॉस्टल में पचास से ज्यादा बच्चियां रह रही हों, वहां आग लगने के हालात और उससे बचाव के इंतजाम नाकाफी थे? गौरतलब है कि बुधवार को दिल्ली के जनकपुरी इलाके में एक रिहाइशी इमारत में चल रहे छात्रावास में अचानक आग लग गई। इमारत के मुख्य दरवाजे और खिड़कियां तोड़ कर लड़कियों की जान बचाई गई। कुछ ने पहली मंजिल पर से ही नीचे छलांग दी। वहां बाद में पहुंची दमकल के जरिए आग बुझाई गई। शुरुआती तौर पर बेसमेंट में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण बताया गया है। हैरानी की बात यह है कि उस मकान में हादसे की स्थिति में सुरक्षा इंतजामों को इस हालत में छोड़ दिया गया था कि आग लगने पर सबकी जान जा सकती थी। हालत यह है कि उस इमारत के जिस तलघर में शॉर्ट सर्किट होने की बात सामने आई है, उसमें भी अवैध रूप से लड़कियों के रहने की जगह बनाई गई थी और आग लगने के बाद सबसे ज्यादा जोखिम में वही थीं।

विचित्र है कि जिस हादसे की प्रकृति इस कदर गंभीर थी कि वहां फंसे बच्चों के जिंदा जल जाने तक का जोखिम पैदा हो गया था, उसके संचालकों के खिलाफ अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई होने की खबर नहीं है। जबकि इमारत में अवैध निर्माण से लेकर आग से बचाव के उपकरणों के मामले में भारी लापरवाही बरती गई थी। सवाल है कि क्या छात्रावास के संचालकों की लापरवाही तब कानूनी कार्रवाई के लायक मानी जाती जब सूरत जैसे हादसे में बच्चों की जान चली जाती? रिहाइशी इलाके में छात्रावास जैसी व्यावसायिक गतिविधि किस आधार पर चल रही थी? किसी व्यावसायिक गतिविधि और ज्यादा संख्या में लोगों की रिहाइश या आवाजाही वाली जगह पर हादसों की आशंका और वहां के सुरक्षा इंतजामों की जांच और निगरानी करना किसकी जिम्मेदारी है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि मामूली लापरवाही की वजह से ही सूरत जैसे हादसे सामने आते हैं। अगर वक्त पर हर स्तर पर चौकसी नहीं बरती गई, तो इस तरह की जगहों पर रहने वाले विद्यार्थियों की जान हमेशा जोखिम में रहेगी।

कल्पमेधा

महान नेताओं में कुछ ऐसे गुण होते हैं जो संपूर्ण राष्ट्र को प्रेरणा देते हैं और उन्हें महान कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।
–जवाहरलाल नेहरू

तंबाकू निषेध और चुनौतियां

रवि शंकर

तंबाकू सेवन और धूम्रपान से देशभर में हर घंटे करीब डेढ़ सौ लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। वहीं दुनिया में प्रति छह सेकंड में एक व्यक्ति की मौत हो रही है। विकासशील देशों में हर साल आठ हजार बच्चों की मौत अभिभावकों के धूम्रपान करने की वजह से होती है। दुनिया के किसी अन्य देश के मुकाबले भारत में तंबाकू से होने वाली बीमारियों से मरने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

धूम्रपान विश्व की बड़ी समस्या बन कर उभरा है। धूम्रपान करने वालों की संख्या करोड़ों में है जो किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। तंबाकू सेवन किस कदर घातक हो सकता है, इसका अंदाजा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की उस रिपोर्ट से लगाया जा सकता है जिसमें बताया गया है कि पिछली यानी बीसवीं सदी में तंबाकू सेवन से मरने वालों की संख्या दस करोड़ से ज्यादा थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगर हालात नहीं बदले तो इक्कीसवीं सदी में इससे मरने वालों का आंकड़ा एक अरब के करीब पहुंच सकता है। भारत भी इसके असर से अछूता नहीं है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया भर में धूम्रपान करने वालों की बारह फीसद आबादी भारत में हैं। हालांकि, भारत में भी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर पाबंदी है, लेकिन लचर कानून-व्यवस्था और लोगों में जागरूकता की कमी के कारण इस पर कोई अमल नहीं हो पा रहा है।

भारत में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को मंजूरी दी जा चुकी है। इसका मकसद तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों तक जागरूकता फैलाना है। देश में हर साल दस लाख लोगों की मौत तंबाकू का सेवन करने से होती है। सोलह की उम्र से कम चौबीस फीसद बच्चे किसी न किसी पड़ाव पर तंबाकू का सेवन कर चुके होते हैं, जबकि चौदह फीसद अब भी तंबाकू उत्पादों का प्रयोग कर रहे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे, 2016 मुताबिक भारत के 44.4 फीसद पुरुष किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। करीब सात फीसद महिलाएं भी हर दिन तंबाकू का इस्तेमाल करती हैं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक कई देशों में तंबाकू सेवन के मामले में लड़कियों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। महिलाओं और लड़कियों में तंबाकू के प्रति बढ़ रहे शौक से गंभीर समस्या सामने आने के संकेत मिल रहे हैं। बुल्गारिया, चिली, कोलंबिया, चेक गणराज्य, मेक्सिको और न्यूजीलैंड सहित दुनिया के डेढ़ सौ से ज्यादा देशों में किए गए सर्वे के मुताबिक लड़कियों में तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति लड़कों के मुकाबले ज्यादा बढ़ रही है।

बाजार में नशा कई रूपों में उपलब्ध है। जैसे- बीड़ी, सिगरेट, गुटका, खैनी, अफीम, गांजा, चरस, हेरोइन व अन्य नशीली दवाएं आदि। सबसे ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि तंबाकू की गिरफ्त में देश के युवा और बच्चे तेजी से आ रहे हैं जो किसी भी देश का भविष्य होते हैं। युवाओं के इस चंगुल में फंसने के कई कारण हैं, जैसे- यार-दोस्तों की संगत, आधुनिक दिखने की चाह, फैशनेबल होने का दिखावा, बेरोजगारी या प्रतियोगी परीक्षाओं में असफल रहने पर होने वाले तनाव को कम करने की कोशिश या और दूसरे कारण। लेकिन धीरे-धीरे ये इसके आदी हो जाते हैं और इसके बिना रह नहीं पाते हैं। जबकि ये भलीभांति जानते हैं कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। फिर भी इसे लेना अपनी शान समझते हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार एक सिगरेट जिंदगी के ग्यारह मिनट व पूरा पैकेट तीन घंटे चालीस मिनट तक छीन लेता है। तंबाकू सेवन और धूम्रपान से देशभर में हर घंटे करीब डेढ़ सौ लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। वहीं दुनिया में प्रति छह सेकंड में एक व्यक्ति की मौत हो रही है। विकासशील देशों में हर साल आठ हजार बच्चों की मौत अभिभावकों के धूम्रपान करने की वजह से होती है। दुनिया के किसी अन्य देश के मुकाबले में भारत में तंबाकू से होने वाली बीमारियों से मरने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक तंबाकू या सिगरेट का सेवन करने वालों को मुंह का कैंसर की होने की आशंका सामान्य व्यक्ति के मुकाबले पचास गुना ज्यादा होती है। तंबाकू में पच्चीस ऐसे तत्त्व होते हैं जो कैंसर का कारण बन सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार इनक्यावने फीसद मुंह के कैंसर तंबाकू से ही होते हैं। डब्ल्यूएचओ की घोषणा के आधार पर इस समय दुनिया में हर साल पचास लाख से अधिक व्यक्ति धूम्रपान के कारण अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। यदि इस समस्या को नियंत्रित करने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो वर्ष 2030 में धूम्रपान से मरने वाले व्यक्तियों की संख्या अस्सी लाख सालाना से अधिक हो जाएगी। धूम्रपान करने वालों की औसत आयु पंद्रह वर्ष कम हो रही है।

आज दुनिया में कैंसर मौत का दूसरा बड़ा कारण है और धूम्रपान इस बीमारी को जन्म देने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक है। अध्ययनकर्ताओं का मानना है कि फेंफड़े के कैंसर से ग्रस्त होने और सिगरेट का सेवन करने वाले पुरुषों में मृत्यु की संभावना सिगरेट का सेवन न करने वाले पुरुषों से तेईस गुना अधिक होती है, जबकि इस कैंसर से ग्रस्त होने की संभावना सिगरेट का सेवन करने वाली महिलाओं में सिगरेट का प्रयोग न करने वाली महिलाओं से तेरह गुना अधिक होती है। तंबाकू (सिगरेट) शरीर की कोशिकाओं को नष्ट करता है और कैंसर का कारण बनता है।

बहरहाल, दुनियाभर में तंबाकू सेवन का बढ़ता चलन स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो रहा है। धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों से केवल लोगों के स्वास्थ्य को खतरा नहीं है, बल्कि इससे भारी आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। विशेषकर यह निर्धन लोगों की निर्धनता में वृद्धि का भी बड़ा कारण है। अधिकांश देशों में धूम्रपान का सेवन धनी लोगों की अपेक्षा निर्धन लोगों में अधिक है और कुछ अवसरों पर यह भी देखने को मिलता है कि कम आय वाले लोग धूम्रपान का सेवन ज्यादा करते हैं। गौर करने वाली बात यह है कि दुनियाभर में तंबाकू पैदा करने के लिए करीब तियालीस लाख हेक्टेयर (एक करोड़ एकड़) जमीन इस्तेमाल हो रही है। यह स्विट्जरलैंड के क्षेत्रफल के बराबर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया के एक सौ पच्चीस देशों में तंबाकू की खेती होती है। हर साल करीब साढ़े पांच खरब सिगरेटों का उत्पादन होता है और एक अरब से ज्यादा लोग इसका सेवन करते हैं। एक मोटे अनुमान के मुताबिक भारत में सिगरेट का उत्पादन दस अरब सालाना का है। भारत में करीब तिहत्तर लाख किलो तंबाकू की पैदावार होती है। भारत तंबाकू निर्यात के मामले में ब्राजील, चीन, अमेरिका, मलावी और इटली के बाद छठे स्थान पर है। यह भी सच है कि तंबाकू विरोधी अभियानों पर दुनिया के देश जितना खर्च करते हैं, उससे कई गुना ज्यादा तंबाकू पर टैक्स लगा कर कमाते हैं। इससे लाखों लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी हुई है।

हालांकि अध्ययन यह भी बताते हैं कि सिगरेट का सेवन करने वाला हर व्यक्ति नशेड़ी नहीं बन जाता, लेकिन सिगरेट का सेवन करने वाले अधिकांश लोग बड़ी जल्दी नशे के आदी होने लगते हैं। वास्तव में सिगरेट नशेड़ी बनने के प्रवेश द्वार की भूमिका निभाती है। जाहिर है, सिगरेट का सस्ता होना, उस तक आसान पहुंच, कम आय वाले वर्ग एवं युवाओं में सिगरेट पीने के रुझान में वृद्धि ऐसे महत्त्वपूर्ण कारण हैं जो नशे की लत को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस आम जनमत को धूम्रपान के विनाशकारी प्रभावों से अधिक जागरूक बना कर लोगों को धूम्रपान के सेवन से बचाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण अवसर है। इस मौके पर तंबाकू से बचाव का संकल्प समाज को करना होगा।

पूर्वाग्रहों के रंग

चंद्रकांता

दुनिया मेरे आगे

मां होना एक जैविक अनुभव है और मानवीय संवेदना का विस्तार करने वाली एक खूबसूरत भावना भी। जैविक रूप से प्रकृति ने केवल महिलाओं को यह सुविधा दी है कि वे एक नए जीवन को जन्म देकर इस संसार को उसे सौंप सकें। जो महिलाएं जैविक रूप से मां बनने की इच्छा रखती हैं, उनके लिए गर्भावस्था एक अनूठा उत्सव लेकर आती है। लेकिन ऐसे भी उदाहरण हैं जहां गर्भधान का यह अनन्य सुख लाखों-करोड़ों औरतों से उनकी कोमल संवेदनाओं और उनके 'आत्म' को छीन लेता है। कारण यह कि कहीं उन पर लड़का पैदा करने के लिए पितृसत्ता का दबाव है तो कहीं गोरा बच्चा पैदा करने की सामाजिक 'बाध्यता'! इसमें पैदा होने वाले बच्चे के रंग को लेकर घर-परिवार से लेकर समाज तक की उत्सुकता एक खास मानस और ग्रंथि को दर्शाती है। यानी बच्चा पैदा हो तो गोरा हो। सांवला हुआ तो सबके चेहरे पर निराशा छा जाती है। सच यह है कि गोरे रंग को लेकर 'सोशल कंडीशनिंग' की शुरुआत भारत में गर्भावस्था से ही हो जाती है, जब महिलाओं को घर के बुजुर्गों द्वारा गोरा बच्चा पैदा करने के लिए नारियल खाने और केसर वाला दूध पीने की सलाह दी जाने लगती है। हमारे समाज की एक आम हकीकत यही है।

लेकिन कभी जातीय सफाए या संहार के लिए खबरों में रहने वाला मध्य-पूर्व अफ्रीका का देश रवांडा पिछले दिनों एक खास घटना को लेकर चर्चा में रहा। रवांडा ने भारी तादाद में रंग गोरा करने वाली क्रीम, लोशन, साबुन और ब्लीच उत्पादों को प्रतिबंधित कर दिया है। इनमें अधिकतर ऐसे उत्पाद शामिल हैं जिनमें शरीर की रंगत को हल्का करने वाला हाइड्रोक्वीनन रसायन और मरकरी मिलाया जाता है। इन रसायनों के इस्तेमाल से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को नुकसान पहुंचता है और अवसाद जैसी गंभीर समस्या भी हो सकती है। लेकिन बात केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। अफ्रीकी देशों में रंग गोरा करने वाले उत्पादों की भारी मांग है लेकिन आज उनमें हालात इतने अधिक खतरनाक हो गए हैं कि गर्भवती महिलाएं गोरा बच्चा पैदा करने के दबाव में अपने पेट पर भी सफेदी की क्रीम पोतने को विवश हैं।

जैविक रूप से त्वचा की रंगत एक तटस्थ कारक है। लेकिन बात केवल सौंदर्य की नहीं है। जब हम सामाजिक और सामरिक कारकों की पड़ताल करते हैं तो पाते हैं कि गोरा रंग आधिपत्य, प्रभुत्व और उपनिवेशवाद का प्रतीक है। भारत का संविधान किसी भी रूप में भेदभाव को प्रतिबंधित करता है। बावजूद इसके व्यावहारिक स्तर पर यहां के समाज में गोरे-काले रंग का विभेद संस्थागत है। यहां रंगत समाज में आपकी स्थिति, पद और प्रतिष्ठा को बहुत गहरे प्रभावित करती है। काला-गोरा रंग, लंबा-छोटा कद, टेढ़े-तीखे नैन-नक्श या सुडौल-स्थूल शरीर- इन सब बातों को लेकर किसी समाज का असहज होना भारी चिंता का विषय है।

आज हमारी पहचान यह बन गई है जो बाजार या समाज हम पर थोपता है। इस मकड़जाल से अमीर-गरीब और माध्यम वर्ग, सब समान रूप से प्रभावित हैं खासतौर पर स्त्रियां। खुद को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करना अच्छी बात है, लेकिन जब हम अपनी पहचान या चयन को बाजार के आधार पर परिभाषित करने लगते हैं तो मामला सच में गड़बड़ है। हमारे समाज में ये सब अवधारणाएं इतनी संस्थागत हो चुकी हैं कि हम आदमी अपनी पहचान को इन्हीं आधारों पर परिभाषित करता है। जो भी इन रेडीमेड खांचों में फिट नहीं बैठता, समाज में उनकी चुटकी ली जाती है, 'बॉडी शेमिंग' की जाती है यानी शरीर को निशाना बना कर शर्मिंदा किया जाता है।

गोरेपन के विज्ञापन यह विश्वास दिलाते हैं कि गोरा होने से आत्मविश्वास बढ़ता है, रंग विवाह में बाधा नहीं बनती, प्रेमी-प्रेमिका एक दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं, सुस्त कॅरियर में चार चांद लग जाते हैं। जबकि हकीकत कुछ और है। ऐतिहासिक रूप से पड़ताल की जाए तो पता चलता है कि 'सुर-असुर' या 'आर्य-अनार्य' की संस्कृति मूल रूप से गोरे और काले के भेद पर टिकी है। हम बचपन में जिन दादी-नानी की कहानियों, लोक कथाओं और किंवदंतियों को सुन कर बड़े होते हैं। वे हमारे दिमाग की स्थायी स्मृति में अपना घर कर लेती हैं और काला रंग हमारे जेहन में हमेशा के लिए विपर्यय बन जाता है। 'काला अक्षर भैंस बराबर', 'भैंस के आगे बीन बजाना', 'मुंह काला करना' जैसे मुहावरे हमारे समाज की सामूहिक सोच का एक नमूना भर हैं। यही काम हमारी पाठ्य-पुस्तकें भी करती हैं जो काली त्वचा को कुरूपता या बदसूरत या विकृति की भंगिमा के रूप में पेश करती हैं।

रंग को लेकर यह हमारी यह सोच पूर्वाग्रह मात्र नहीं है। यह एक किस्म का सांस्कृतिक जुनून है और उससे भी अधिक यह नस्लवाद का एक रूप है। हमारी रंगत अक्सर समाज में हमारे पदानुक्रम को भी जाहिर करती है। बहरहाल, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रवांडा एक ऐसा देश है, जिसकी पहचान जातीय दंगों, गरीबी और भयानक कुपोषण से जुड़ी हुई है। लेकिन हमें रवांडा से सीखना चाहिए कि किस तरह महिलाओं की राजनीतिक या संसदीय भागीदारी सुनिश्चित की जाए और किस तरह अपने देश को साम्राज्यवाद और बाजारवाद के प्रयोगों का अड्डा न बनने दिया जाए। इच्छाशक्ति हो तो क्या नहीं किया जा सकता!

जीत का रास्ता

भारतीय क्रिकेट टीम के सामने 2011 के विश्व कप के बाद से ही जो सबसे बड़ी समस्या रही है वह है नंबर चार का बल्लेबाज। यों तो इस स्थान के लिए बहुत से खिलाड़ियों को मौका मिला लेकिन कोई भी अपनी जगह पक्की नहीं कर पाया है। विश्व कप शुरू होने में कुछ ही दिन शेष हैं इसलिए आईपीएल की फॉर्म, अनुभव और काबिलियत को देखते हुए भारतीय टीम में केएल राहुल, विजय शंकर और दिनेश कार्तिक को जगह मिली है। अब देखने वाली बात यह होगी कि कौन नंबर चार पर बल्लेबाजी करने उतरेगा!

केएल राहुल ने आईपीएल के दौरान सभी को प्रभावित किया है। राहुल का हाल-फिलहाल प्रदर्शन बेहद अच्छा रहा है। वहीं विजय शंकर ने भी बीते समय में भारतीय टीम के लिए बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है। शंकर अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर टीम को संतुलन दे सकते हैं। टीम में दूसरे विकेटकीपर और अनुभव के आधार पर दिनेश कार्तिक को भी जगह मिली है। दिनेश कार्तिक ने चैंपियंस ट्रॉफी 2013 हो या निधास ट्रॉफी, जब-जब टीम को जरूरत पड़ी, तब तब उन्होंने रन बनाए हैं।

नंबर चार पर बल्लेबाजी करने कौन उतरेगा और उनका अंतिम एकादश क्या होगा, इसका फैसला जल्द ही करना होगा। अगर भारतीय टीम पूर्ण पांच गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरती है तो हो सकता है कि इन तीनों बल्लेबाजों में से किसी को भी मौका न मिले। ऐसे में टीम कुछ इस तरह हो सकती है- रोहित, धवन, विराट, धोनी, जाधव, पंड्या, भुवनेश्वर, शमी, कुलदीप, चहल और बुमराह। अगर भारतीय टीम एक ऑलराउंडर को और मैदान में उतारना चाहती है तो उसके पास जडेजा भी हैं। वे भुवनेश्वर या शमी की जगह टीम का हिस्सा बन सकते हैं।

विश्व कप में सभी टीमें जोश में दिख रही हैं। ऑस्ट्रेलिया से लेकर अफगानिस्तान सभी महज विश्व कप का हिस्सा बनने के लिए नहीं बल्कि जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेंगे।

● *निशांत रावत, दिल्ली विश्वविद्यालय*

धर्म विरुद्ध

मथुरा में विदेशी श्रद्धालु को एक व्यक्ति ने चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। बात सिर्फ इतनी थी कि उस श्रद्धालु ने राम-राम नहीं बोला था। इसी तरह दिल्ली के एक डॉक्टर को लड़कों के एक समूह ने जय श्री राम कहने के लिए मजबूर किया। इन दिनों कुछ लोग धार्मिक भावनाओं में बह कर ऐसी हरकतें करते हैं कि लगता है, उन्हें अच्छे और बुरे में फर्क ही नहीं मालूम।

दरअसल, कोई भी धर्म गलत काम करने की इजाजत नहीं देता। धर्म तो व्यक्ति को आत्मनियंत्रित, अच्छे काम करने, दूसरों की मदद करने, अन्य धर्मों का आदर करने या आत्मशुद्धि जैसे उच्च सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की शिक्षा देता है। लेकिन अब इसके विपरीत धर्म के नाम पर लोग हत्या तक करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कुछ लोगों की मनोवृत्ति ऐसी हो गई है कि वे अपने धर्म को श्रेष्ठ मानते हैं और दूसरे धर्म के प्रति हीन भावना रखते हैं। इस बुराई से स्देशवासियों को उबारा जाना चाहिए।

● *संजू कुमार, चौबारा, हनुमानगढ़, राजस्थान*

विलुप्त होती प्रजातियां

यह बहुत दुखद है कि मनुष्य की बदनीयती, क्रूरता और लालच के कारण हमारे जैवमंडल से हर वर्ष कई वानस्पतिक व जैव प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं। अगर यही हाल रहा तो भविष्य में विलुप्तिकरण की यह दर और तेज हो जाएगी। विलुप्त हो चुके जीवों को वैज्ञानिक समुदाय अपनी लाख कोशिशों के बावजूद पुनर्जीवित नहीं कर सकता। प्रकृति अभी भी वैज्ञानिक बिरादरी के लिए अबूझ पहेली बनी हुई है। इसलिए जैव मंडल को बचाने की कोशिशें बहुत ईमानदारी और संजीदगी से होनी चाहिए।

● *निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

युवाओं से छल

आज प्रतिस्पर्धा का दौर है। बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ अच्छा रोजगार पाने की आशा में छात्र परिस्थिति व क्षमता के हिसाब से छोटी-बड़ी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश लेते हैं। बड़े-बड़े निजी और सरकारी महाविद्यालय भी इस प्रतिस्पर्धा के कारण अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए युवाओं को भविष्य सुरक्षित होने का वादा करके अपने यहां बड़ी मात्रा में प्रवेश दे रहे हैं। शिक्षण संस्थाओं की ओर से विद्यार्थी के पढ़ाई के अंतिम वर्ष के दौरान या पढ़ाई पूरी करते ही कैंपस से बड़ी कंपनी में नौकरी यानी 'प्लेसमेंट' दिलाने का प्रलोभन सबसे ज्यादा प्रचलन में है। बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए और युवा वर्ग को सुरक्षित भविष्य प्रदान करने की दिशा में इसे एक अच्छा प्रयास कहा जा सकता है क्योंकि कुछ स्थानों पर युवाओं को इससे दीर्घकालिक लाभ मिलने के भी उदाहरण मिलते हैं लेकिन इसका प्रतिशत नगण्य ही है।

कैंपस प्लेसमेंट के दूसरे पहलू पर नजर डालने पर यह देखा जा रहा है कि कहीं-कहीं रोजगार के नाम पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। नौकरी के नाम पर उन्हें कम वार्षिक पैकेज का प्रस्ताव दिया जाता है। चुने जाने के बाद बच्चे पाते हैं कि वे ठगे गए हैं और उन्हें योग्यता के अनुसार काम नहीं मिला है। इस बीच दूसरे विकल्पों को ठुकरा कर आए होने के कारण उनकी पीड़ा दुगुनी हो जाती है। यह पाया गया है कि विभिन्न बड़ी कंपनियों द्वारा 'जॉब' के नाम पर युवाओं का भविष्य एक निश्चित सीमा तक अनुबंध पत्र यानी 'बांड पेपर' के माध्यम से खरीद लिया जाता है। आवास और खाने-पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का वादा कर बड़े-बड़े शहरों का सपना दिखा कर युवाओं को छला जाता है और जब यह सपना टूटता है तो उन्हें फिर अपने घर की ओर पलायन करना पड़ता है।

इस पूरे घटनाक्रम में शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका पूरी तरह किंकर्तव्यविमूढ़ बनी रहती है। विद्यार्थियों-युवाओं को इस तरह की परिस्थिति से बचाने के लिए ठोस रणनीति बनाए जाने की जरूरत है। रोजगार देने और नियुक्ति संबंधी मौजूदा कानूनी प्रावधानों का सख्ती से पालन कराना होगा। 'कैंपस प्लेसमेंट' आयोजित कराने वाली शैक्षणिक संस्थाओं की भी जवाबदेही तय करने की आवश्यकता है। अभ्यर्थी को चाहिए कि वे बिना जल्दबाजी दिखाए धैर्यपूर्वक नौकरी की शर्तों को भलीभांति पढ़ और संबंधित कंपनी की पृष्ठभूमि मालूम करके ही किसी भी प्रकार के लुभावने प्रस्ताव पर विचार करें।

● *ऋषभ देव पांडेय, कोरबा, छत्तीसगढ़*

काम का दबाव

विश्व व्यापार संगठन ने 'बर्नआउट' को मानसिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में चिह्नित किया है. कार्यस्थल के लगातार दबाव से समुचित ढंग से छुटकारा नहीं पाने के कारण 'बर्नआउट' की स्थिति पैदा होती है. शोधार्थियों का कहना है कि यह आधुनिक समाज के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी उन समस्याओं में है, जिनके बारे में बहुत चर्चा हुई है. कुछ पेशेवर समूहों में तो 'बर्नआउट' की पैठ 69 फीसदी तक है. इसके मुख्य लक्षणों में ऊर्जा की कमी या थकान, अपने काम से मानसिक दूरी बढ़ना या उसके प्रति नकारात्मक भाव आना तथा पेशेवर क्षमता में कमी प्रमुख हैं. आखिरकार इस महीने समस्या के रूप में चिह्नित होने के बाद इससे परेशान लोग अब चिकित्सकीय सहायता और सलाह ले सकेंगे. अर्थव्यवस्था और नगरीकरण के तीव्र विस्तार के कारण भारत में भी विभिन्न पेशेवर समूहों की संख्या और प्रतिस्पर्धा का दबाव निरंतर बढ़ रहा है. एडमिनिस्ट्रेटिव साइंस क्वॉर्टरली में प्रकाशित एक लेख के मुताबिक, हमेशा काम पर लगे रहने की संस्कृति लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को तो प्रभावित कर ही रही है, इससे काम की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी बढ़ोतरी नहीं हो रही है. रहन-सहन के क्षेत्र में सिग्ना द्वारा जारी अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में भी भारतीय पेशेवरों पर तनाव के नुकसानदेह असर को रेखांकित किया गया है. निर्धारित समय से अधिक काम करने से भले ही पेशेवरों को अधिक भत्ते या प्रोन्नति जैसे लाभ मिले हों, परंतु मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब हुआ है. वर्ष 2015-16 के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण में बताया गया था कि लगभग 15 फीसदी वयस्कों को चिकित्सकीय सलाह और मदद की दरकार है. एक चिंताजनक संकेत यह भी है कि पुरुषों से कहीं अधिक कामकाजी महिलाएं ज्यादा तनाव में पायी गयीं. बेहतर काम करने का दबाव और नौकरी से निकाले जाने का डर इस तनाव का सबसे बड़ा कारण होता है. सर्वेक्षण के अनुसार, समस्या के समाधान के लिए प्रबंधन या रोजगारदाता की ओर से किये गये इंतजाम से कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं. संतोषजनक है कि कुछ बड़ी कंपनियां इस दिशा में प्रभावी प्रयास कर रही हैं तथा सिग्ना सर्वेक्षण ने भारत को उन देशों की सूची में रखा है, जहां हालात बेहतर हो रहे हैं. इसी सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि 10 में से नौ भारतीय तनाव से ग्रस्त हैं. विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक, भारत में आत्महत्या या आत्महत्या के प्रयास के मामले भी हर साल बढ़ रहे हैं. इन समस्याओं के बारे में जागरूकता कम होने के कारण भी मुश्किल आती है. परेशान व्यक्ति परिवार, मित्रों और सहकर्मियों से इस बाबत चर्चा करने में हिचकता है. उम्मीद है कि राष्ट्रीय नीति में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने से स्थिति सुधरेगी. प्रशिक्षित सलाहकारों की संख्या बढ़ाने और कंपनियों द्वारा उनका सहयोग लेने की दिशा में गंभीरता से पहल की जानी चाहिए. मानसिक स्वास्थ्य को बहाल रखने के लिए काम के साथ आराम और रचनात्मक गतिविधियों के संतुलन पर जोर देना होगा.

निर्धारित समय से अधिक काम करने से भले ही पेशेवरों को अधिक भत्ते या प्रोन्नति जैसे लाभ मिले हों, परंतु मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब हुआ है.

राष्ट्रीय सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि

अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार
awadheshkum@gmail.com

अब जब चुनाव खत्म हो गया है, एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर देश का गंभीरता से विचार करना जरूरी है. क्या राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा किसी देश के लिए प्रमुख मुद्दा होना चाहिए या नहीं? पूरे चुनाव के दौरान कुछ लोगों का तर्क था और आज भी है कि राष्ट्रवाद मुद्दा होना ही नहीं चाहिए, क्योंकि यह भावनाओं को भड़काने का विषय है. सैन्य पराक्रम पर राजनीतिक चर्चा नहीं होनी चाहिए, इससे उग्र राष्ट्रवाद भड़कता है. सुरक्षा को चुनाव का मुद्दा बनाना असली मुद्दों से ध्यान भटकाना था. पाकिस्तान के खिलाफ चुनाव में बोलना लोगों को गुमराह करना था. क्या वाकई चुनाव में ये सब मुद्दे उठने ही नहीं चाहिए थे? यह सच है कि ये सारे मुद्दे चुनाव में भाजपा के पक्ष में जाते दिखते थे और गये भी. लेकिन देश ने दूसरी पार्टियों को ये मुद्दे उठाने से रोका तो था नहीं. यह विषय चुनाव तक ही सीमित नहीं है. इस पर हमारे यहां लगातार बहस चलती रहती है.

हम एक अजीब संस्कारों वाले देश हैं. यहां राष्ट्रवाद, पराक्रम, सुरक्षा आदि से एक बड़े वर्ग के अंदर संस्कारगत वितृष्णा है. दुनिया के प्रमुख देशों की स्थिति उलट है. हमारा पड़ोसी चीन कम्युनिस्ट शासन वाला देश है. किंतु चीनी राष्ट्रवाद कम्युनिज्म पर भारी है और इसी कारण वह संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों को पाता है. राष्ट्रीय सुरक्षा उसके लिए सर्वोपरि है तथा राष्ट्र की सीमाओं की उसकी जो कल्पना है, उस पर वह टस से मस होने को तैयार नहीं. तिब्बत में हिमालय तक रेल पहुंचा देने का असाधारण करनामा उसने कैसे कर दिखाया? नाभिकीय मिसाइलों का जखीरा उसने हमारे पास हिमालय में बिछा दिया है. डोकलाम भूटान का भाग है, पर वह दावा करता है और उसे साबित करने के लिए उसने किस तरह की सैनिक जिद की, यह सामने है. अगर हमारे पास सैन्य ताकत नहीं होती और राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ निर्णय नहीं करता, तो भूटान भाग वाले डोकलाम से चीन हटता?

सोवियत संघ के विघटन के बाद अनेक विश्लेषक रूस के दुर्बल, जर्जर और दयनीय देश होने की भविष्यवाणी कर चुके थे. अपनी बुरी दशा से उबरने के लिए रूस के नेतृत्व ने रूसी राष्ट्रवाद की चेतना जागृत की और आज वह महाशक्ति को चुनौती दे रहा है. मलेशिया इस्लामी देश है. कर्ज से देश को बाहर निकालने के लिए महाथिर मोहम्मद को राष्ट्र की बात करनी पड़ी और लोग दान देने के लिए आगे आने लगे. इस्राइल तो राष्ट्रवाद के दम पर ही अपना अस्तित्व बनाये हुए है. आप अमेरिका से यूरोप और ऑस्ट्रेलिया तक नजर दौड़ा लीजिए, सब अपने यहां राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं और यह चुनाव में मुद्दा रहता है. आतंकवाद के उभार के बाद तो हर देश में पार्टियों को बताना पड़ता है कि इसके संदर्भ में उनकी सुरक्षा नीति क्या है. दुनिया के सभी प्रमुख देशों में राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर ऐसी विकृत धारणा नहीं है, जैसा हमारे यहां है. यह भारत नामक इस राष्ट्र की त्रासदी है कि यहां आनुवंशिकी में ही ऐसे कुछ विचार रहे हैं. यह अकेला देश है, जहां अपने राष्ट्रीय हीरो की चर्चा करने को उग्र-राष्ट्रवाद या फासीवाद साबित किया जाता है.

भारत की गुलामी के पीछे भी यह प्रमुख कारण रहा है. जब 1757 में प्लासी का युद्ध हो रहा था, तो जितने लोग सिराजुद्दौला के साथ लड़नेवाले थे, उससे कई गुणा ज्यादा लोग मैदान के बाहर तमाशा देख रहे थे. किसी ने नहीं सोचा कि इससे देश के भाग्य का फैसला होनेवाला है. अगर वे लोग थोड़ा भी पराक्रम दिखाते तो ईस्ट इंडिया कंपनी के सैनिक वहीं खत्म हो जाते. ऐसा नहीं हुआ और देश गुलाम हो गया. और भारतीय सिपाहियों ने अपने शासकों के आदेश पर भारत के लोगों पर अत्याचार किये. अंग्रेजी शासनकाल में उनकी पुलिस में ज्यादातर भारतीय ही थे, जिन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों या विरोध की आवाज उठानेवालों पर गोलियां-लाठियां चलायीं. नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने पराक्रम दिखाया, सैन्य संगठन बनाया और युद्ध लड़ा. उनके 24 हजार से ज्यादा जवान शहीद हुए. इसी देश में उनका विरोध भी हुआ. आजादी में आजाद हिंद फौज के योगदान को इतिहास में वैसी जगह नहीं मिली, जैसी जॉर्ज वाशिंगटन और उनके साथियों को अमेरिका में मिलती है.

यह अच्छा संकेत है कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मानस में थोड़ा बदलाव आया है, लेकिन संस्कारगत दोष जा नहीं रहे है. इसलिए कुछ लोग ऐसा प्रचारित करते हैं कि राष्ट्रवाद, पराक्रम, सुरक्षा जैसे विषयों को उठाकर लोगों की भावनाएं भड़कायी जा रही हैं. पाकिस्तान हमारे यहां आतंकवाद प्रायोजित करता रहा है. लंबे समय बाद देश ने 2015 में म्यांमार में तथा 2016 में पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करके भारत के बदलते संस्कार का परिचय दिया. फरवरी 2019 में युद्धक विमानों से पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकानों पर बमबारी ने इस बदलाव को ज्यादा सुदृढ़ किया और राष्ट्रवाद व पराक्रम का यह संयोग लोगों को रोमांचित करता रहा. साल 1971 के पहले भारत ने इस तरह कोई युद्ध कब जीता? चुनाव में इसकी चर्चा क्यों नहीं होनी चाहिए थी, यह समझ से परे है. गुन्नार मिर्डल ने भारत को सॉफ्ट स्टेट की संज्ञा यूं ही नहीं दी थी. भारत की वह छवि बदल रही है, तो यह चुनाव अभियान में गूंजित होना ही था. दूसरे दल भी इसे उठा सकते थे. अगर सरकार ने निर्णय किया, तो उसका समर्थन करने एवं पराक्रम को सराहने में विपक्ष संकोच नहीं करता, तो माहौल दूसरा होता.

चुनाव अभियान में नेताओं को जनता के सामने सबसे ज्यादा बातें रखने का अवसर मिलता है. ऐसे अवसर को राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा, कश्मीर आदि से वंचित कर देने की सोच कतई सकारात्मक नहीं कही जा सकती. ये मुद्दे शाश्वत हैं और देश की सामूहिक भावना के साथ इसका जुड़ा रहना आवश्यक है. इससे जो वातावरण बनता है, वह सभी क्षेत्र में सक्रिय लोगों को राष्ट्र का ध्यान रखते हुए काम करने तथा आवश्यकता पड़ने पर पराक्रम दिखाने के लिए प्रेरित करता है. हमारे सुरक्षा बलों का भी हौसला बढ़ता है कि राजनीतिक पार्टियां एवं आम जनता भी उनके पराक्रम को मुद्दा बना रहे हैं. दुनिया के प्रमुख देश इसी रास्ते आगे बढ़े हैं. इसी तरह कश्मीर के समाधान का विषय राष्ट्रीय मुद्दा होना चाहिए. लंबे समय से इसका मुद्दा न बनना दुर्भाग्यपूर्ण था. कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, तो उसे सामान्य बनाना चुनाव मुद्दा क्यों नहीं होना चाहिए था?

अच्छा है कि धीरे-धीरे अब आम जनता की समझ भी इन सवालों की दिशा में विकसित होने लगी है.

चुनाव को राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा, कश्मीर मुद्दे आदि से वंचित कर देने की सोच कतई सकारात्मक नहीं कही जा सकती. ये मुद्दे शाश्वत हैं और देश की सामूहिक भावना के साथ इसका जुड़ा रहना आवश्यक है.

बोधि वृक्ष

स्वास्थ्य के लिए

जब पेट में पाचन प्रक्रिया चल रही होती है, तब कोशिकाओं के स्तर पर शुद्धिकरण की प्रक्रिया लगभग रुक जाती है. अगर आप दिनभर खाते ही रहते हैं, तो कोशिकाओं में अशुद्धियां लंबे समय तक बनी रहती हैं, जो फिर एक अवधि के बाद शरीर में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न करती हैं. आंतों से मल बाहर निकलने की प्रक्रिया भी तब सही ढंग से नहीं होती, क्योंकि बड़ी आंत में, एक ही समय पर आने की बजाय, अलग-अलग समय पर कचरा आता ही रहता है. यौगिक व्यवस्था में हम ऐसा कहते हैं कि एक भोजन के बाद दूसरा भोजन करने में कम से कम छह से आठ घंटों का अंतर होना चाहिए. अगर यह संभव न हो, तो कम-से-कम पांच घंटों का अंतर तो होना ही चाहिए. अगर बड़ी आंत साफ नहीं रहती, तो आप समस्याओं को न्योता दे रहे हैं. योग में यह कहा जाता है कि गंदी आंत और मनोवैज्ञानिक अशांति एक दूसरे से सीधे जुड़े हुए हैं. अगर आप की बड़ी आंत साफ नहीं है, तो आप अपने मन को स्थिर नहीं रख सकते. आयुर्वेद तथा सिद्ध जैसी भारत की पारंपरिक औषधि पद्धतियों में किसी भी रोगी की बीमारी चाहे जो हो, वे पहले आप की पाचन व्यवस्था को शुद्ध करना चाहेंगे, क्योंकि एक खराब बड़ी आंत आप की अधिकतर समस्याओं की जड़ हो सकती है. आजकल लोग जिस तरह से खा रहे हैं, अपनी बड़ी आंत को स्वच्छ रखना उनके लिए एक बड़ी चुनौती है. लेकिन अगर आप दिन में सिर्फ दो बार अच्छी तरह भोजन करते हैं और बीच में कुछ नहीं खाते, जैसे हम सामान्य रूप से आश्रम में करते हैं या अगर हम बहुत ज्यादा कामों में लगे हैं, तो हम एकाध फल खा सकते हैं, तो आप की बड़ी आंत हमेशा स्वच्छ रहेगी. जैसा कि मैंने ऊपर कहा है, यौगिक पद्धति के अनुसार एक भोजन के बाद दूसरा भोजन करने में कम से कम छह से आठ घंटों का अंतर होना चाहिए. अगर ऐसा न हो पाये, तब कहीं जाकर कम-से-कम पांच घंटों का अंतर रखना चाहिए. इससे कम का अंतर है, तो समझ लीजिए कि आप अपने लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं.

सद्गुरु जग्गी वासुदेव

चीन से सीखें, आबादी रोकें

आरके सिन्हा
सांसद, राज्यसभा
rkishore.sinha@sansad.nic.in

सत्रहवीं लोकसभा चुनाव की सारी प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है और केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने अपना कामकाज फिर से शुरू कर दिया है. यूं तो इस सरकार को देश हित में बहुत से अहम निर्णय लेने हैं, यदि सरकार देश में आबादी को रोकने के लिए भी कोई ठोस नीति लेकर आये, तो इसका स्वागत ही होगा. इस मसले पर अविलंब निर्णय लेने की आवश्यकता है. हमने अपनी आबादी को काबू में करने में देरी कर दी है. इसके पीछे लंबे समय तक सत्तासीन पार्टियों की वोट की राजनीति ही जिम्मेदार थी. तब एक खास समुदाय को खुश करके उनके वोट हथियाने के लिए सत्ताधारी नेताओं ने देश की तेजी से बढ़ती आबादी को रोकने के संबंध में सोचा ही नहीं. इसी सोच के कारण उस खास समाज को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है. वह विकास की दौड़ में पिछड़ गया है.

योग गुरु बाबा रामदेव ने भी देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून लाये जाने का पक्ष लेते हुए हाल ही में कहा कि दो बच्चों के बाद पैदा होनेवाले बच्चे को मताधिकार, चुनाव लड़ने के अधिकार और अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित कर दिया जाना चाहिए. भारत को दिल से चाहनेवाला हर नागरिक बाबा रामदेव की सलाह के साथ खड़ा होगा. मैं यह जरूर कहूंगा कि बच्चों को मताधिकार से क्यों वंचित किया जाये? क्यों न तीन बच्चों को पैदा करनेवाले पति-पत्नी को मताधिकार से वंचित करने की सजा दी जाये. रामदेव ने देश के सामने उस मसले के हल को पेश किया, जिससे देश जूझ रहा है. बढ़ती हुई आबादी देश के लिए समस्या है. बढ़ती आबादी को विकास का पूरा लाभ कोई भी सरकार कैसे दे सकती है. हमारी विकास परियोजनाओं की सफलता के रास्ते में सदैव आबादी एक बड़े अवरोध के रूप में खड़ी हो जाती है.

जहां देश अपनी अधिक आबादी को लेकर चिंतित है, वहीं एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बाबा रामदेव की सलाह के जवाब में कहा- 'लोगों को असंवैधानिक बातें कहने से रोकने के लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं है, लेकिन रामदेव के विचारों पर बेवजह ध्यान क्यों दिया जाता है?' ओवैसी ने ट्वीट किया, वह योग कर सकते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि नरेंद्र मोदी सिर्फ इसलिए अपना मताधिकार खो देंगे, क्योंकि वह तीसरी संतान हैं. ओवैसी हर मसले पर सियासत करने से तो बाज ही नहीं आते. क्या ओवैसी को यह दिखाई नहीं देता है कि सारा देश जनसंख्या विस्फोट के कारण कितना कमजोर हो रहा है?

बाबा रामदेव कमोबेश वही कह रहे हैं, जिसे चीन ने वर्षों पहले करके दिखा भी दिया. चीन ने एक बच्चे से अधिक पैदा करनेवाले अपने नागरिकों को बहुत सी सुविधाओं से वंचित कर दिया था. बाबा रामदेव भी कह रहे हैं कि दो से ज्यादा बच्चे पैदा करनेवालों से सभी सरकारी सुविधाएं छीन लेनी चाहिए, यहां तक कि मतदान का अधिकार भी. चीन ने भी अपनी बढ़ती आबादी रोकने के लिए यही किया. वहां 'एक दंपति एक बच्चा' को सख्ती से लागू किया गया. भारत में भी 'हम दो, हमारा एक' का सिद्धांत अगले पचास वर्षों तक लागू हो, जब तक कि आबादी घटकर सौ करोड़ से कम नहीं हो जाती है.

जहां जनसंख्या विस्फोट के कारण देश की नींद हराम हो जानी चाहिए थी, वहीं कुछ ज्ञानी जनसंख्या को एक वरदान के रूप में देखते हैं. वे यह मानते हैं कि जितने अधिक लोग होंगे, उतना ही अधिक काम हो सकेगा और उसी अनुपात में आय भी बढ़ेगी. हालांकि, यह सोच अतार्किक है. बेरोजगारी, अशिक्षा और अपराध का सीधा संबंध तेजी से बढ़ती आबादी से है. अब हमारे लिए अपनी जनसंख्या का प्रबंधन करना असंभव सा हो चुका है. बेरोजगारी का आलम यह है कि तीन-चार हजार रुपये मासिक पर भी पढ़े-लिखे शिक्षित नौजवान पढ़ाने को तैयार हो जाते हैं. इंजीनियर को 15 हजार मिल जायें, तो गनीमत है. मजदूर-किसान अमानवीय स्थितियों में जीने को मजबूर हैं. इसे ही सस्ता श्रम कहकर विदेशी पूंजी निवेश को आमंत्रित किया जाता है.

भारत में 2011 में जनगणना हुई थी. उसी समय भारत की आबादी 1.20 करोड़ से अधिक हो चुकी थी. हम चीन के बाद दूसरे स्थान पर थे. पर अगर हमने तुरंत कठोर कदम नहीं उठाये तो साल 2025 तक हम चीन को भी मात दे चुके होंगे. भारत के साथ एक दिक्कत यह भी है कि असम और पश्चिम बंगाल जैसे कुछ सूबों में हर साल लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से घुस जाते हैं. एक अनुमान के मुताबिक, भारत में तीन-चार करोड़ बांग्लादेशी नागरिक बस चुके हैं. ये देश के हर शहर में छोटा-मोटा काम करते हुए देखे जा सकते हैं. ये आपराधिक मामलों में भी लिप्त रहते हैं. कुछ वर्ष पहले राजधानी के विकासपुरी में गैर-कानूनी तरीके से भारत में आकर बस गये बांग्लादेशी गुंडों ने डॉक्टर पंकज नारंग का कत्ल कर दिया था. राजधानी के यमुना पार में बांग्लादेशियों का आतंक बढ़ता ही चला जा रहा है.

दरअसल, अब देश को अपनी आबादी पर नियंत्रण करने के लिए एक व्यापक नीति बनानी ही होगी. इस मसले को राजनीति और धार्मिक आस्थाओं से ऊपर उठकर देखना ही उचित होगा. सबको याद रखना होगा कि देश बचेगा, तो ही धर्म और राजनीति बचेगी.

अब देश को अपनी आबादी पर नियंत्रण करने के लिए एक व्यापक नीति बनानी ही होगी. इस मसले को राजनीति और धार्मिक आस्थाओं से ऊपर उठकर देखना ही उचित होगा. सबको याद रखना होगा कि देश बचेगा, तो ही धर्म और राजनीति बचेगी.

आपके पत्र

राष्ट्रवादी विचारधारा को मिला ज्यादा महत्व

भाजपा की प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में एनडीए की फिर सरकार बनी. इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि कोई गैर कांग्रेसी पार्टी लगातार दूसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना रही हो. एक समय ऐसा लगा था कि प्रियंका गांधी वाड्रा के आने से कांग्रेस के प्रदर्शन में कोई सुधार होगा, परंतु ऐसा हो सका. अभी भले ही कांग्रेस पार्टी के अंदर पद त्याग और इस्तीफे की बात चल रही हो, परंतु उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि शब्द और भाषण किसी भी चुनाव में बहुत महत्व रखते हैं. किसी स्वच्छ चरित्र वाले व्यक्ति को अपशब्द कहने के बजाय अगर कांग्रेस विकास के मुद्दों पर ध्यान देती तो शायद चुनाव के परिणाम में कोई परिवर्तन के आसार दिखाई देते. इस चुनाव परिणाम से यह तो तय हो गया है कि लोगों ने धर्म और जाति की भावनाओं से ऊपर उठ कर राष्ट्रवादी विचारधारा को ज्यादा महत्व दिया है, जो सराहनीय है.

शुभम गुप्ता, नावागढ़, धनबाद

दूसरी पारी से आशाएं

किसी रेखा को बिना मिटाये छोटा दिखाने के लिए उसके बराबर में एक बड़ी रेखा खींचना होती है. ठीक इसी तरह देश की पिछली सभी सरकारों के कार्यों, प्रगति और विकास को छोटा दिखाने के लिए भी वर्तमान मोदी सरकार को अपने कार्यों, विकास और प्रगति की एक लंबी रेखा जरूर खींचनी होगी, जो शायद मोदी सरकार अब चाहती है. यह इतना आसान कार्य भी नहीं है क्योंकि सिर्फ कहने, चाहने और करने में बड़ा अंतर होता है. यदि सही शक्ति, लगन और इच्छाशक्ति हो, तो असंभव कुछ भी नहीं है. नेपोलियन के अनुसार भी असंभव शब्द तो सिर्फ मूर्खों के शब्दकोष में ही मिलता है. यदि किसी में दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो कुछ भी हो सकता है. आज राष्ट्रीय विकास और प्रगति के कार्य असंभव भी नहीं हैं, बशर्ते उन्हें पूरी निष्ठा, ईमानदारी सच्चाई, लगन और बिना किसी पक्षपात के साथ इन्हें पूरा किया जाये. मोदी सरकार की दूसरी पारी से कुछ ऐसी ही आशाएं और अपेक्षाएं जनता को है.

वेद मामूरपुर, नरेला

शपथ ग्रहण के संदेश

लोक सभा चुनावों में मिले प्रचंड बहुमत के बाद मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का आगाज करने जा रही है. इस बार प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को न्योता न देकर नयी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अब वह आतंकपरस्त पाकिस्तान को लेकर किसी प्रकार के भ्रम में नहीं है. पाकिस्तान के साथ ही पूरी दुनिया को इस तरह से स्पष्ट संदेश भी दे दिया है. दूसरी तरफ, बिम्सटेक के सदस्य देशों को न्योता देकर मोदी जी ने अपनी एक्ट ईस्ट पॉलिसी और पुराने सार्क सहयोगियों को एक साथ साधने की कोशिश की है. उम्मीद है कि केंद्र की मोदी सरकार अपने इस दूसरे कार्यकाल में जनता के सभी वर्गों के विकास के लिए समभाव से काम करती रहेगी.

चंदन कुमार, देवघर

कुछ अलग

बाग में बहार ऐसे आती है

संतोष उत्सुक
वरिष्ठ व्यंग्यकार
santoshutsuk@gmail.com

शहर के सवा सौ साल पुराने बाग में बच्चे, जवान और बुजुर्ग सुबह शाम सैर करने आते हैं. गर्मी का मौसम परेशान करता है, तो सैर करनेवाले बढ़ते जाते हैं. नगरपालिका ने 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' अभियान के निमित स्वच्छता नियमों का पालन करवाने के लिए बाग में अनेक स्थानों पर रंगीन व बड़े विज्ञापन लिखवाकर जिम्मेदारी बढ़िया तरीके से निभायी.

उस बाग में बहार लाने का जिम्मा हाल ही में हुए चुनावों में जीते हुए राजनीतिक और कुछ समझदार सरकारी लोग लेने लगे, तो वहां लोहा, ईंट, रेत व सीमेंट के ढेर लगने लगे. जख्मी हुई हरी घास ने बाग के मैदान में दौड़ लगाते नौजवान से कहा कि उसके ऊपर कई दिन बजरी पड़ी होने के कारण जान निकली जा रही है, कृपया कुछ करो. नौजवान ने सत्य बोला, मेरे पास जरा भी समय नहीं है, क्योंकि मुझे आज स्कूल में दौड़ प्रतियोगिता में सबसे तेज भागकर मेडल जीतना है.

वहीं दूसरी क्यारी में पूजा के लिए फूल तोड़ती महिला से सारे पौधे बोले- हमारे ऊपर रेत गिरा दिया गया है, सांस नहीं आ रही है, कुछ पौधे ईंटों की चोट से मर गये हैं, हमारी मदद कर दो बहन. इस पर महिला ने कहा कि मंदिर में जल्दी पूजा करने के बाद घर जाकर मैंने अपने इकलौते पुत्र के लिए आलू-प्याज के परांठे बनाने हैं, तुम्हारे लिए मेरे पास समय नहीं है.

कुछ बुजुर्ग, उजड़ती क्यारियों के पास बेंच पर बैठे हुए थे और काफी देर से बाग की दुर्दशा पर चर्चा कर रहे थे. लंबी डाली वाले कुछ उदास पौधों ने मौका देखकर अपना दुख संप्रेषित किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ.

बेंच पर बैठे बुजुर्गों में से एक बुजुर्ग ने कहा- सेवानिवृत्ति के बाद अब हमारे पास काफी समय है, तो हमें मिलकर इस ऐतिहासिक बाग को हरा-भरा रखने के लिए कुछ संजीदा प्रयास करने चाहिए. उन्होंने देखा कि बाग में भौतिक विकास के लंबे वृक्ष, बड़े आकार के फूल, आजीवन हरे रहनेवाले पौधे लगाये गये हैं. बाग के एक हिस्से में कितने ही सरकारी दफ्तर खोल दिये गये हैं, ताकि उनसे नगर पालिका को कुछ और किराया आ सके. यहां-वहां पत्थर और कूड़ा फैला हुआ है, जिसे कर्मचारी रोज 'उठाते' हैं.

बाग के बीच में बना तालाब चीखता रहता है कि लोग मेरे अंदर कचरा फेंकते हैं. पुराने बंद सुंदर फव्वारे के चारों तरफ लगी सीमेंट में जकड़ी लोहे की ग्रिल उसकी स्थायी रक्षा कर रही है. बाग के एक क्षेत्र में लोहे की मोटी ग्रिल के चार गेट लगा दिये हैं और नालियों के ऊपर लोहे के जाल बिछा दिये गये हैं, ताकि उनके नीचे से ठेकेदारी का पानी आराम से बह जाये.

बाग में रोशनी का अंधकारमय इंतजाम किया गया है. पुरानी दर्जनों लाइटें ठीक न करके ऊंची, महंगी दूर तक रोशनी देनेवाली लाइट एक 'खास' से सप्लाई करवा दी गयी है. बुजुर्ग समझ गये हैं कि जब हर मामले के मंच पर राजनीति का नंगा नाच चल रहा हो, तो चुप रहना बेहतर है. सभी बुजुर्ग थोड़ी देर शांत रहे, फिर अपने-अपने घर की ओर चल दिये.

देश दुनिया से

चीनी न्यूरोसाइंटिस्ट का अमेरिका से निष्कासन

चीन-अमेरिकी संबंधों में हाल में और कड़वाहट घुली है. इस बार वाशिंगटन ने प्रौद्योगिकी और शिक्षा जैसे क्षेत्रों को निशाने पर लिया है. इसका ताजा उदाहरण अटलांटा में एमोरी विश्वविद्यालय से दो चीनी न्यूरोसाइंटिस्टों का निष्कासन और अमेरिकी प्रयोगशाला में शोध कर रहे चार पोस्टडॉक्टरल छात्रों का निर्वासन है. ट्रंप प्रशासन को लगता है कि चीन के साथ अकादमिक क्षेत्र में सहयोग करना दुश्मन का वित्त पोषण करना है. इससे अमेरिकी राष्ट्रीय हित प्रभावित होंगे. इसलिए इसे रोकने की आवश्यकता है. हालांकि, येल विवि के अध्यक्ष पीटर सालोवे ने 23 मई को एक खुला पत्र लिखा था कि अमेरिका-चीन संबंधों में तनाव और शैक्षणिक आदान-प्रदान पर बढ़ती निगरानी ने येल और देश के दूसरे विश्वविद्यालयों के अंतरराष्ट्रीय छात्रों और विद्वानों को बेचैन कर दिया है. उन्होंने अमेरिकी एजेंसियों से अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक आदान-प्रदान के बारे में चिंताओं को स्पष्ट करने का आग्रह भी किया है. इस पत्र में लिखे वक्तव्यों से यह स्पष्ट है कि प्रौद्योगिकी और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में चीन को लेकर अमेरिकी सरकार का हालिया कदम सत्ता का दुरुपयोग है. अमेरिकी सुरक्षा के लिए कथित खतरे का रोना असल में चीन को नीचा दिखाने का बहाना है.

GLOBAL TIMES

सॉन्ग ग्योयू

कार्टून कोना

साभार : बीबीसी

पोस्ट करें : प्रभात खबर, 15 पी, इंडस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची 834001, **फैक्स करें** : 0651-2544006,
मेल करें : eletter@prabhatkhabar.in पर ई-मेल संक्षिप्त व हिंदी में हो. लिपि रोमन भी हो सकती है